
वर्षः 17 अंक 103 सीकर, गुरुवार 11 जून 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8


दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक


12 साल बेमिसाल






## नीयत, नीति और निर्णय... पीएम मोदी बोले- 12 सालों में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे इतने लंबे समय तक सेवा करने का सौभाग्य मिला। आज का दिन आप सभी ने मेरे लिए बहुत यादगार बना दिया है। मैं अभिभूत हूं, कृतज्ञ हूं। चरैवेति-चरैवेति के मंत्र का जाप करते हुए इस राजनीतिक यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव देखते हुए, एक दिन ये पड़ाव भी आएगा, मैंने कभी सोचा नहीं था। निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सबसे लंबी अवधि तक सेवा करने का अवसर, इसे मैं अपना परम सौभाग्य मानता हूं। आपने इस अवसर पर मुझे सम्मानित किया, इतना मान दिया, इसके लिए मैं आप सभी का बहुत-बहुत आभारी हूं। जनता-जनार्दन का आभार व्यक्त करता हूं- मोदी-प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले के कई दशक बहुत अस्थिरता और उथल-पुथल से भरे हुए थे। इसका देश को बहुत नुकसान भी उठाना पड़ा लेकिन अब देश की जनता एक स्थिर सरकार का काम भी देख रही है और उसकी निर्णायक क्षमताओं की प्रशंसक भी है। मैं आज देश की महान जनता को नमन करता हूं, जनता-जनार्दन का आभार व्यक्त करता हूं।

एनडीए नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए के 12 वर्षों की एक बड़ी सफलता ये भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिरा दिया था।

## खबर का बड़ा असर

# नगरपालिका की बड़ी कार्रवाई

## अवैध व्यवसायिक निर्माण की सामग्री जब्त

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** गौरव पथ पर करीब आधा दर्जन स्थानों पर बिना अनुमति किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण कार्य को लेकर प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला। नगरपालिका प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को कार्रवाई करते हुए निर्माण स्थल से बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री जब्त कर ली।

### नगरपालिका के एक्शन से मचा हड़कंप

बुधवार को अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी के निर्देश पर स्वास्थ्य निरीक्षक रामचंद्र पुनिया, जमादार महेंद्र कुमार एवं सफाई कर्मचारियों की टीम गौरव पथ पर पहुंची। टीम ने बिना अनुमति चल रहे चार निर्माण स्थलो से तगार, फड़, चौपाईयां, सीढ़ियां और फावड़े एवं बल्लियां सहित अन्य निर्माण सामग्री जब्त कर ली। पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर क्षेत्र में बिना स्वीकृति किए जाने वाले किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य के खिलाफ आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से शहर के अन्य क्षेत्रों में संचालित अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है।




### खबर पर अधिकारियों ने लिया संज्ञान

नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी ने दो दिन पूर्व प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए कमल पुत्र छगनलाल, बच्छराज पुत्र खीवाराम, कैलाश पुत्र बाबूलाल तथा रामगोपाल पुत्र भोलाराम को नोटिस जारी किया था। नोटिस में बताया गया कि गौरव पथ पर नगरपालिका की पूर्व अनुमति के बिना व्यवसायिक निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 182, 194 एवं 245 के प्रावधानों के विपरीत है। पालिका प्रशासन ने संबंधित निर्माणकर्ताओं को अवैध निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करने तथा स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों सहित दो दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोके जाने पर नगरपालिका ने सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई।

## म्यूटेशन भरने के नाम पर पटवारी चार हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने जालोर जिले में रिश्वतखोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को चार हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित पटवारी कृषि भूमि का म्यूटेशन भरने के एवज में परिवादी से 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार जयपुर स्थित हेल्पलाइन नंबर 1064 पर प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई। शिकायत में बताया गया था कि पटवारी बंटी मीणा एलआर शाखा तहसील सायला एवं वर्तमान में अतिरिक्त चार्ज पटवार हल्का सांगाणा, जिला जालोर, परिवादी की कृषि भूमि का म्यूटेशन दर्ज करने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी चौकी जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी पटवारी को चार हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी जांच में सामने आया कि आरोपी ने मांग के सत्यापन के दौरान परिवादी से पहले ही 2 हजार रुपये रिश्वत के रूप में प्राप्त कर लिए थे। इसके बाद शेष राशि लेने के दौरान एसीबी टीम ने उसे दबोच लिया। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही उसके निवास एवं अन्य संभावित ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई जारी है।

# सड़कों के नीचे पीसीसी गायब ऊपर भ्रष्टाचार की परत

## करोड़ों के विकास कार्यों की खुली पोल

### कहीं पीसीसी गायब तो कहीं उखड़ने लगीं नई सड़कें

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर में हाल ही में कराए गए सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कई वार्डों और मोहल्लों में नई बनी सड़कें कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी हैं, जबकि कहीं बिना पीसीसी किए ही बजरी और गारे से लीपापोती कर काम पूरा दिखाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के कारण जनता के पैसो का दुरुपयोग हो रहा है।



### केस : 01

पदमपुरा फाटक से पोस्ट ऑफिस की ओर जाने वाली सड़क के नीचे बिना पीसीसी किए ही ऊपर सीमेंट बजरी का लैप कर ठेकेदार द्वारा यहां रातोरात मिट्टी बिछाकर इसको ढक दिया गया। नतीजतन सड़क निर्माण के कुछ ही समय बाद ही यहां दरारें दिखाई देने लगी है। राहगीरों और वाहन चालकों का कहना है कि मानसून की दस्तक के साथ ही इसकी गुणवत्ता की पोल खुलने वाली है।

### केसः 02

लाडनूं के वार्ड संख्या 27 के मालियों का बास स्थित गली नंबर 38 के आखिरी छोर पर सड़क निर्माण के नाम पर बिना पीसीसी किए केवल गीले गारे से लीपापोती करने का आरोप लगाया गया है। यहां पीसीसी के नाम पर मात्र कंकरी की पतली परत बिछाई गई है। स्थानीय लोगों ने इसे सरकारी धन की बर्बादी बताते हुए निर्माण एजेंसी के कार्यों की जांच करवाने की मांग की है।

### केसः 03

आधी पट्टी स्थित बड़ा रामद्वारा के सामने बनाई गई सड़क को महज एक महीना बीता हैं। लेकिन सड़क की ऊपरी परत जगह .जगह से उखड़ने लगी है। आरोप है कि कंकरों पर केवल सीमेंट की पतली परत बिछाकर निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया। स्थानीय निवासी मैना बाई, जयप्रकाश सोनी, मांगीलाल ओसवाल आदि ने बताया कि तीन सप्ताह पहले बनी सड़क का यह हाल निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की कहानी खुद बयां कर रहा है।

### केस : 04

लाडनूं के वार्ड संख्या 38 में लाइब्रेरी के सामने बनी सड़क में पीसीसी नहीं किए जाने की शिकायत सामने आई है। वहीं इसी वार्ड के आसिफबिसायती वाली बंद गली में सड़क का लेवल सही नहीं रखने से बरसात और पानी निकासी की समस्या बढ़ गई है। स्थानीय इरफान छींपा, फिरोज छींपा का कहना है कि सड़क निर्माण के समय नीचे पीसीसी के नाम पर खानापूर्ति की गई है। वहीं गलत लेवल होने से लोगों के लिए राहत मिलने की बजाय जलभराव रहने से यहां नई परेशानियां पैदा हो गई हैं।

### केस : 05

शहरिया बास और जावाबास के बीच नजीर खां की चक्की के सामने करीब तीन महीने पहले बनाई गई सड़क भी उखड़ चुकी है। सड़क पर जगह .जगह कंकड़ बिखरे पड़े हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने सड़क निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच करवाने तथा दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करते हुए जेईएन की मौजूदगी में कार्य करवाने की मांग की है।

### इनका कहना है

सड़क निर्माण कार्यों में बिना पीसीसी हल्की क्वालिटी की सामग्री का इस्तेमाल कर धांधली करने की शिकायतें प्राप्त हुई है। मौके पर टीम को भेजकर निर्माण कार्यों की जांच करवाई जाएगी एवं दोषी एजेंसियों पर कार्रवाई भी की जाएगी। **हरेंद्र चौधरी, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका लाडनूं।**

# रिश्वत लेते सहायक प्रशासनिक अधिकारी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने रिश्वतखोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जैसलमेर जिले के पोकरण में बाल विकास परियोजना कार्यालय के एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब तैयार कर फाइल में लगाने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार एसीबी कार्यालय में बाल विकास परियोजना अधिकारी साकड़ा मुख्यालय पोकरण में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी भवानी सिंह के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में बताया गया कि परिवादी की माता आंगनबाड़ी केंद्र रामपुरा में कार्यरत हैं। जहां बाल विकास परियोजना अधिकारी सीडीपीओ साकड़ा द्वारा 3 जून 2026 को आंगनबाड़ी केंद्र रामपुरा चौक का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें परिवादी की माता अनुपस्थित मिलीं। इसके बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

शिकायत के अनुसार नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के लिए परिवादी कार्यालय पहुंचा तो सहायक प्रशासनिक अधिकारी भवानी सिंह ने नोटिस का जवाब तैयार करवानेए उसे सीडीपीओ के समक्ष प्रस्तुत करने तथा नोटिस को फाइल करवाने के बदले पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की।

# प्रदेश की समृद्धि के लिए की विशेष पूजा-अर्चना



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी कस्बे के ऐतिहासिक मुंछो वाले भगवान श्रीराम मंदिर में बुधवार को देवस्थान विभाग की ओर से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रदेश की समृद्धि के लिए विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर में पंडित सुरेश शर्मा, आशीष शर्मा के सानिध्य में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि राजस्थान के वैभव, विकास एवं समृद्धि की मंगलकामना के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं देवस्थान विभाग द्वारा विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राजस्थान एवं झुंझुनू की पावन भूमि को नमन करते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सुख-समृद्धि और जनकल्याण के लिए विशेष धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना की गई। जिला प्रशासन एवं देवस्थान विभाग ने आमजन से कार्यक्रम में सहभागिता कर प्रदेश की उन्नति और खुशहाली के लिए सामूहिक प्रार्थना करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मन को शुद्ध करना चाहिए। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की रक्षा के लिए आगे आकर कार्य करने चाहिए। मनुष्य की पवित्र आत्मा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भगवान की दृष्टि को पाया जा सकता है। मनुष्य को अपने जीवन में शुद्ध एवं सहकारी होना चाहिए ताकि ईश्वर अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाकर रख सकें। हिंदू धर्म में देवी-देवताओं के पूजन मात्र से ही दया दृष्टि को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष विजेश शाह, पूर्व सरपंच फतेहसिंह, ईश्वर पांडे, कैलाश स्वामी, नगेंद्र सिंह सोढ़ा, जिला महामंत्री निखिल शर्मा, पवन कुमार, प्रमोद कुमार, डॉ सोमदत्त भगत, बबलू अवाना, तहसीलदार सुनील कुमार मील, ईओ नागरमल गुर्जर, एसआई सुनील सैनी, सुखराम गुर्जर, संदीप शर्मा, ज्योति भारद्वाज, शशि सैनी, कालीचरण गुप्ता, विद्याधर, पवन शर्मा, अमरचंद शर्मा, रिषभ शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया नंदोत्सव

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** छोटी चौपड़ स्थित प्राचीन श्री चतुर्भुज जी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बुधवार को नंदोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियों में डूबे श्रद्धालु पूरे समय भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कथा के दौरान व्यासपीठ से डॉ प्रशांत महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और नंदोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पांडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर और जयकारे लगाकर अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा आकर्षक झांकियां सजाई गईं। मंदिर और कथा स्थल को रंग-बिरंगे गुब्बारों एवं मनोहारी सजावट से सजाया गया। महिलाओं ने मंगल गीत और बधाइयां गाकर उत्सव को और अधिक भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। नंदोत्सव के दौरान माखन-मिश्री, पंचामृत एवं प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही कपड़े, खिलौने, टॉफियां, फल और मिठाइयों की उछाल के साथ पारंपरिक बधाई गान का आयोजन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि नंदोत्सव का उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियों को जन-जन तक पहुंचाना तथा सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति आस्था जागृत करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संत-महंतों एवं धर्मप्रेमियों ने भाग लेकर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# खो नागोरियान अग्निकांड प्रकरण : पुलिस कमिश्नर ने किया थानाधिकारी सहित आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित

## अवैध विस्फोटक सामग्री एवं पटाखा संग्रहण करने वाले की सघन जांच के आदेश

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने खो नागोरियान क्षेत्र में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुई अग्निकांड की घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक जांच में लापरवाही के लिए जिम्मेदार पाए गए थानाधिकारी सहित आठ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर मित्तल ने बताया कि अंतरिम जांच रिपोर्ट के आधार पर थानाधिकारी खो नागोरियान ओमप्रकाश मातवा सहित हेड कांस्टेबल अशोक, रामावतार, दिनेश, आसिफ, हरेन्द्र और अशोक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा द्वारा घटना के तुरंत बाद एएसआई अमर सिंह एवं हेड कांस्टेबल पप्पू राम को सस्पेंड किया है। पुलिस कमिश्नर मित्तल ने बताया कि घटना की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध अजय सिंह को जांच का दायित्व सौंपा गया है।

उनके निर्देशन में एक जांच समिति का गठन किया गया है, जो घटना के सभी पहलुओं, संबंधित अधिकारियों की भूमिका तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की विस्तृत जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। मित्तल ने जयपुर शहर के सभी जिला पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित कारखानों, गोदामों, पटाखा भंडारण स्थलों एवं अन्य जोखिमपूर्ण गतिविधियों का विशेष सर्वे एवं निरीक्षण अभियान चलाया जाए। ऐसे प्रतिष्ठानों की पहचान कर उनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर मित्तल ने निर्देश दिए कि थाना स्तर पर बीट अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे कर अवैध रूप से संचालित विस्फोटक सामग्री एवं पटाखों के भंडारण स्थलों की पहचान की जाए। अभियान के दौरान अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान की प्रगति एवं की गई कार्रवाई की विस्तृत पालना रिपोर्ट निर्धारित अवधि में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके लिए सुरक्षा मानकों की नियमित समीक्षा एवं निगरानी की जाएगी। जयपुर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के प्रति पूर्णतया प्रतिबंध है तथा सार्वजनिक जीवन एवं संपत्ति को खतरे में डालने वाली किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जयपुर पुलिस द्वारा घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक एवं निवारक कदम उठाए जा रहे हैं।



### भू-माफिया निकले मकान मालिक

जांच में सामने आया है कि जिस मकान में विस्फोट हुआ, उसके मालिक याकूब और कयूम रिश्ते में चाचा-भतीजा हैं। दोनों पर इलाके में जमीन कब्जाने के कई आरोप हैं और इनके खिलाफ पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि सितंबर माह में एक महिला ने भी इनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था लेकिन उस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

### सबूत मिटाने की कोशिश

घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल टीम ने नमूने एकत्र कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हादसे के बाद आरोपियों ने फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे और इंटरनेट राउटर तोड़कर सबूत मिटाने का प्रयास किया। जांच में यह भी पता चला है कि यहां शादियों और आयोजनों में उपयोग होने वाले कोल्ड फायर पटाखों का निर्माण किया जा रहा था। मुख्य आरोपी ने करीम नगर-बी स्थित मकान संख्या 88 को बीच में दीवार खड़ी कर दो हिस्सों में बांट रखा था।

### दिल्ली का फिरोज चला रहा था फैक्ट्री

पुलिस जांच में सामने आया है कि करीम नगर-बी स्थित मकान याकूब पुत्र नजीर खान का है, जिसने इसे दिल्ली निवासी फिरोज को किराए पर दे रखा था। आरोप है कि फिरोज बिना किसी वैध अनुमति और सुरक्षा मानकों के यहां अवैध पटाखा फैक्ट्री संचालित कर रहा था। हादसे के बाद से फिरोज, याकूब खान और कयूम खान फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

### बिजली कनेक्शनों की जांच

बिजली विभाग के सहायक अभियंता सुधीर कुमार चौधरी ने मौके का निरीक्षण कर बताया कि याकूब खान के नाम दो बिजली कनेक्शन दर्ज हैं। एक कनेक्शन घटना स्थल के पास जबकि दूसरा दाऊद नगर में है। दाऊद नगर स्थित मकान बंद मिला और वहां किसी प्रकार की औद्योगिक गतिविधि नहीं पाई गई।

### दिल्ली से आता था कच्चा माल

स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में कई वर्षों से पटाखों के निर्माण और पैकिंग का अवैध कारोबार संचालित हो रहा था। इसके लिए कच्चा माल दिल्ली से ट्रकों के जरिए लाया जाता था। पुलिस ने आयशा कॉलोनी के कई घरों में भी छापेमारी की है, जहां घरेलू स्तर पर पटाखों की पैकिंग और निर्माण का काम किए जाने की आशंका है।

### आठ लोगों की गई थी जान

गौरतलब है कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुए भीषण विस्फोट और आगजनी में एक बच्चे और दो सगे भाइयों सहित कुल आठ लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे थे। इसके बाद संबंधित पुलिसकर्मियों को निलंबित कर अवैध फैक्ट्रियों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया।

### पांच फैक्ट्री-गोदाम सील, कई मुकदमे होंगे दर्ज

एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि आयशा कॉलोनी स्थित मुख्य गोदाम के अलावा जावेद विहार में संचालित तीन अन्य गोदामों सहित कुल पांच अवैध फैक्ट्री-गोदामों को सील किया गया है। ये गोदाम मुख्य आरोपी याकूब खान और उसके भतीजे कयूम खान से जुड़े बताए जा रहे हैं। विभिन्न स्थानों से अवैध विस्फोटक सामग्री मिलने के कारण आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं में एक से अधिक प्रकरण दर्ज किए जाएंगे।

### एक मीटर से चल रही थी दो मकानों की बिजली

हादसे की जांच में एक और गंभीर तथ्य सामने आया है। याकूब और कयूम के दो अलग-अलग मकानों में एक ही बिजली मीटर से अवैध रूप से सप्लाई ली जा रही थी। इसी बिजली का उपयोग व्यावसायिक स्तर पर बारूद पीसने और पटाखे बनाने के लिए किया जा रहा था। इससे स्थानीय स्तर पर निगरानी व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को 12 वर्ष पूर्ण होने पर वैदिक विधि-विधान से किया यज्ञ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक अवसर पर वैदिक आश्रम पिपराली में बुधवार को राष्ट्र की समृद्धि, उन्नति, सुरक्षा एवं जनकल्याण की मंगलकामना के साथ वैदिक विधि-विधान से यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान राष्ट्र की एकता, अखंडता, समृद्धि, किसानों की खुशहाली, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तथा विश्व कल्याण के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियाँ अर्पित की गईं। उपस्थित जनों ने विकसित, आत्मनिर्भर एवं संस्कारित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। राष्ट्र सर्वोपरी की भावना के साथ सभी ने भारत की निरंतर प्रगति, समृद्धि और विश्वगुरु भारत के स्वप्न की सिद्धि हेतु प्रार्थना की। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ हासिल की हैं। आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।



कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हुई है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व समुदाय में सम्मान, विश्वास और नेतृत्व का नया स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि चाहे जी-20 की सफल अध्यक्षता हो, वैश्विक संकटों में भारत की निर्णायक भूमिका हो, योग और भारतीय संस्कृति का विश्वव्यापी प्रसार हो अथवा विकसित भारत के संकल्प को गति देने का अभियान-हर क्षेत्र में भारत ने नई पहचान बनाई है। कहा कि आज विश्व मंच पर भारत का बढ़ता प्रभाव और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की स्वीकार्यता किसी से छिपी नहीं है।

# भाग्यश्री अनाथ आश्रम में मनाया झाझड़िया का जन्मदिन




निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय पैरालंपिक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चूरू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया के जन्मदिवस के पावन अवसर पर भाग्यश्री अनाथ आश्रम में आश्रम प्यारों को भोजन एवं मिठाई खिलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। वक्ताओं ने कहा झाझड़िया अपने अदम्य साहस, संघर्ष और असाधारण उपलब्धियों से देश का गौरव बढ़ाया है तथा लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश जांगिड़, महावीर पूनिया, अनूप खंडेलवाल, भंवरलाल पूनिया, माणक चंद सैनी, रणजीत तंवर, सुशील सरावगी, हरि इंदौरिया, अशोक जांगिड़, वीर बहादुर सिंह, हीरालाल सैनी, नरेश झाझड़िया, राकेश टाक, सुनील सगतानी, मोहम्मद सलीम, विजय सोनी, पंकज मिश्रा, सुभाष सहारण, मोहम्मद समीर, देवकरण कल्ला, जेके दायमा, दिलवार, अमित मुडवाल, विकास धीनवाल, नंदू पटीर, राकेश टाक, ओम रेगर, विजय सोनी, लक्ष्मणसिंह खींची, दीपक पासवान सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऑन डिमांड बाइक चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश

## चोरी के 45 दुपहिया वाहन बाइक बरामद

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में बढ़ती वाहन चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए प्रताप नगर और बजाज नगर थाना पुलिस ने जिला विशेष टीम डीएसटी के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऑन डिमांड बाइक चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 45 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से 60 से अधिक दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रणजीत भील 23 निवासी सुल्तानपुर, कोटा हाल शिवदासपुरा, विवेक कुमार उर्फ लाला मीणा 22 निवासी टोडाभीम जिला करौली, किरोड़ी मीणा 43, रामसिंह मीणा 37 और रामकेश मीणा 25 निवासी रैणी जिला अलवर शामिल हैं।

गिरोह में शामिल एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है।

### पॉक्सो मामले में फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी विवेक कुमार उर्फ लाला मीणा पिछले तीन वर्षों से खो नागोरियान थाने में दर्ज पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 3 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

### ऑन डिमांड चुराते थे बाइक, 5 हजार में बेच देते थे

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले वाहन मालिकों और पार्किंग स्थलों की रेकी करते थे। इसके बाद मांग के अनुसार मोटरसाइकिल चोरी कर अन्य जिलों में मात्र 5 हजार रुपए तक में बेच देते थे। चोरी की गाड़ियों और उनके पार्ट्स को औने.पौने दामों में बेचकर मिली रकम को मौज-मस्ती और शराब के शौक पर खर्च किया जाता था।

### दो चरणों में 45 मोटरसाइकिल बरामद

प्रताप नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार रणजीत और विवेक की निशानदेही पर 25 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। वहीं बजाज नगर थाना पुलिस और डीएसटी ने किरोड़ी, राम सिंह और रामकेश के कब्जे से 20 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर जब्त कीं।




### कई थाना क्षेत्रों से की थी चोरी

आरोपियों ने पूछताछ में जयपुर के बजाज नगर, शिप्रापथ, शिवदासपुर, प्रताप नगर, महेश नगर, मानसरोवर, गलता गेट, करधनी सहित अजमेर के मदनगंज और अन्य जिलों से दोपहिया वाहन चोरी करना कबूल किया है। पुलिस को आशंका है कि पूछताछ में कई और वारदातों का खुलासा हो सकता है। वहीं पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी पुराने अपराधी हैं। जिसमें किरोड़ी मीणा के खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट, मारपीट सहित 10 मामले दर्ज हैं। रामसिंह मीणा के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम सहित 10 गंभीर मामले दर्ज हैं और रामकेश मीणा के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और चोरी के 2 मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में प्रताप नगर थाना प्रभारी पूरणमल यादव, हेड कांस्टेबल दशरथ सिंह, दयाराम, कांस्टेबल शंकरलाल और गणेश की टीम शामिल रही। बजाज नगर थाना प्रभारी रामधन डोभाल, एएसआई इंद्राज, हेड कांस्टेबल धर्म सिंह, कांस्टेबल रामवतार, भरतलाल और महेंद्र कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं डीएसटी प्रभारी एसआई बन्ना लाल, हेड कांस्टेबल तुलसीराम, रणवीर सिंह, कांस्टेबल राजेश, हारूराम, विजय, नीरज, हेमंत, चालक जितेंद्र तथा तकनीकी सेल के कांस्टेबल दयाराम भी कार्रवाई में शामिल रहे।

### 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर पहुंची पुलिस

डीसीपी पूर्व ने बताया कि प्रताप नगर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी और नकबजनी की घटनाओं को देखते हुए थानाधिकारी पूरणमल यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। वहीं बजाज नगर में थानाधिकारी रामधन डोभाल के नेतृत्व में अलग टीम बनाई गई। दोनों टीमों ने डीएसटी प्रभारी एसआई बन्ना लाल की टीम के साथ मिलकर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद विभिन्न ठिकानों पर दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इंदिरा नगर क्षेत्र से किरोड़ी, रामसिंह और रामकेश को पकड़ा गया, जबकि प्रताप नगर क्षेत्र से विवेक और रणजीत को गिरफ्तार किया गया।

# मिस डेजर्ट राजस्थान में पूनम कुमावत के सिर सजा सौंदर्य का ताज



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में ग्लैमर-प्रतिभा, आत्मविश्वास और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। जहां राज आंगन रिसॉर्ट में आयोजित मिस डेजर्ट राजस्थान 2026 के भव्य ग्रैंड फिनाले में प्रदेशभर से आई प्रतिभाशाली युवतियों ने अपने व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और हुनर का प्रभावशाली प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कड़े मुकाबले के बाद पूनम कुमावत ने मिस डेजर्ट राजस्थान 2026 का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। वहीं स्वाति नायक प्रथम रनर-अप, मुस्कान गर्ग द्वितीय रनर-अप और लविश्का जांगिड़ तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को ताज, ट्रॉफी और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजक अरुण कुमार सिंह और नरेंद्र कुमार गंगवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन तक सीमित नहीं था, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सहभागिता के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना भी था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न राउंड में अपनी प्रतिभा, संचार कौशल और व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया।

वहीं कार्यक्रम में ऑस्कर विनर अनुराधा सिंह, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अशोक लाहोटी, शिखा पंत, अवंतिका तांबे तथा राज आंगन रिसॉर्ट के मुकेश सैनी, गरिमा सिंह सहित कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफल आयोजन अमित कुमार खंडेलवाल, रजनीश जैन और रजनीश सिंह कुशवाह के नेतृत्व में किया गया। इस प्रतियोगिता की मेंटोर विनय कुमावत और कोनिका आर्या रहीं। जिन्होंने प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास और मंचीय प्रस्तुति को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न सहयोगी संस्थाओं का भी विशेष योगदान रहा। मिस डेजर्ट राजस्थान 2026 का यह ग्रैंड फिनाले केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि महिलाओं के सपनों, आत्मविश्वास और सफलता का उत्सव बनकर उभरा। इस मंच ने एक बार फिर साबित किया कि प्रतिभा को अवसर मिले तो सफलता की नई कहानियां जन्म लेती हैं।

# वंडर सीमेंट की अनोखी पहल : भीषण गर्मी में मोबाइल वैन से पिलाया जा रहा शीतल जल

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। वंडर सीमेंट कंपनी द्वारा सीमेंट निर्माण के साथ-साथ मानव सेवा के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भीषण गर्मी को देखते हुए कंपनी की ओर से राजलदेसर कस्बे में मोबाइल यूनिट के माध्यम से जगह-जगह आमजन को ठंडा पानी एवं ओआरएस युक्त पानी पिलाकर राहत पहुंचाई जा रही है। कंपनी की यह सेवा यात्रा इससे पूर्व चूरू जिले के सालासर, चूरू, राजगढ़, सरदारशहर एवं रतनगढ़ सहित विभिन्न शहरों में भी आयोजित की जा चुकी है। अब राजलदेसर में भी लोगों को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। वंडर सीमेंट के अधिकृत डीलर लक्ष्मी ट्रेडर्स के संचालक हरिराम प्रजापत ने बताया कि कंपनी सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, बेटियों के विवाह में सहयोग, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्य तथा जीव-जंतुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था जैसे विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम समय-समय पर संचालित करती है। राजलदेसर कस्बे में ठंडा पानी एवं ओआरएस वितरण अभियान का शुभारंभ कंपनी के डीलर हरिप्रसाद प्रजापत, जानकी प्रसाद टेलर, देवकिशन लोहार, जाकिर हुसैन एवं गौरव दाधीच के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी प्रतिनिधि प्रमोद, रिंकू, गौरव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भीषण गर्मी के बीच वंडर सीमेंट की इस पहल को आमजन ने सराहा तथा इसे मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।



## भाजपा ग्रामीण मण्डल की संगठनात्मक बैठक आयोजित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** जसवंतगढ़ में बुधवार को भाजपा ग्रामीण मण्डल कसुम्बी की संगठनात्मक बैठक ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष कसुम्बी आनंद बागड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि लाडनूं विधानसभा प्रत्याशी करनी सिंह एविशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष जगदीश पारीक, प्रवासी राकेश शर्मा, लाडनूं मंडल अध्यक्ष गौतम शास्त्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में करणी सिंह ने राजस्थान सरकार व केंद्र सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और धरातल पर कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये। जिला उपाध्यक्ष जगदीश पारीक ने संगठन के बारे में विस्तार से बताया एराकेश शर्मा प्रवासी ने बूथ मजबूत कैसे हो इसकी विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। धन्यवाद भाषण में भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष कसुम्बी आनंद बागड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल की उपलब्धियां बताई। कार्यक्रम में प्रेमदास स्वामी महामंत्री, अर्जुन सिंह व सुधीर चोटिया सरपंच, गोविंद सिंह कसुम्बी, रघुवीर सिंह राठौड़, एडवोकेट रवींद्र सिंह, अनिल पिलानिया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने नारी चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार पंचायत समिति के सभागार में ब्लॉक स्तरीय नारी चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना रहा। चौपाल में उपखण्ड अधिकारी ममता लहुआ ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास का आधार है। प्रत्येक महिला तक शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा स्वयं सहायता समूहों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, नगर पालिका, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभा, विद्युत विभाग, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद तथा विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर महिलाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, बाल विवाह रोकथाम, एनीमिया एवं कुपोषण से बचाव, स्वास्थ्य एवं पोषण, बालिका शिक्षा, स्वरोजगार, स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों तथा विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## शेखावत फिर से बनी एबीवीपी सीकर विभाग छात्रा प्रमुख

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रांत के अलवर में आयोजित चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग में घोषणा सत्र के दौरान प्रांत अध्यक्ष के द्वारा सुजानगढ़ की कार्यकर्ता रमा शेखावत को दूसरी बार सीकर विभाग छात्रा प्रमुख जिम्मेदारी दी गई। इनका कार्य क्षेत्र सीकर, नीमकाथाना, सुजानगढ़ होगा, जिसमें यह छात्राओं का कार्य देखेंगी। इससे पूर्व यह सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय की इकाई अध्यक्ष, नगर सह मंत्री, नगर कला मंच संयोजक आदि दायित्वों का निर्वहन कर चुकी है। रमा शेखावत ने कहा कि संगठन के द्वारा मुझे छात्राओं के कार्य की जिम्मेदारी दी गई है, विद्यार्थी परिषद मिशन साहसी राष्ट्रीय कला मंच के द्वारा सैकड़ों बहनों को सक्षम बना रहा है।

## पूर्व सांसद ने की प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, राज्यसभा के प्रत्याशी पूनियां व गुर्जर से मुलाकात

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार से आत्मीय भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व ग्रहण करने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता, समर्पण एवं कार्यकर्ताओं के साथ सतत् संवाद संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी राजस्थान संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा एवं अभूतपूर्व मजबूती प्राप्त होगी तथा संगठन का विस्तार और सुदृढ़ीकरण और अधिक प्रभावी ढंग से होगा।

इसी दौरान पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती ने भाजपा द्वारा राजस्थान से राज्यसभा चुनाव-2026 हेतु घोषित प्रत्याशी डॉ. सतीश पूनियां एवं अलका गुर्जर से भी आत्मीय भेंट कर उन्हें जीत की अग्रीम बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों प्रत्याशी राज्यसभा में राजस्थान के हितों, जनभावनाओं एवं विकास से जुड़े विषयों को प्रभावी रूप से उठाते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा अपने अनुभव और जनसेवा के माध्यम से प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती ने सभी नेताओं के सफल, यशस्वी एवं जनहितकारी कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।

# पचास हजार पार पहुंचा राजस्थान पुलिस का ट्रैफिक स्ट्राइक अभियान

## छह दिन में 50 हजार 174 वाहनों पर कार्रवाई

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रदेश में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है। पुलिस महानिदेशक डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में संचालित इस प्रदेशव्यापी अभियान के तहत मात्र छह दिनों में 50 हजार 174 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अवैध ब्लैक फिल्म, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, अनाधिकृत लेखन, अवैध मॉडिफिकेशन और हूटर-फ्लैशर लगाने वाले वाहन चालकों पर पुलिस ने कड़ा शिकंजा कसते हुए छठे दिन रिकॉर्ड 10825 चालान बनाए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि डीजी ट्रैफिक अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में 4 जून से शुरू हुआ यह अभियान सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है। राजस्थान पुलिस की पहले समझाइश, फिर सख्ती नीति के तहत अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान अब तक सबसे अधिक कार्रवाई वाहनों के शीशों पर अवैध काली फिल्म लगाने के मामलों में की गई है। पुलिस ने 19,694 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ब्लैक फिल्म हटवाई। इसके अलावा 13,046 वाहनों पर नियम विरुद्ध नंबर प्लेट और पंजीयन चिन्ह पाए गए। 6,791 वाहनों पर अनाधिकृत शब्द, पदनाम, प्रतीक एवं अन्य लेखन मिलने पर कार्रवाई की गई। 4,757 वाहनों में अवैध बॉडी या चेसिस मॉडिफिकेशन पाए जाने पर चालान बनाए गए। 3,244 वाहनों पर अवैध लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट और हूटर लगाने के मामले दर्ज किए गए। 2,642 वाहनों पर प्रेशर हॉर्न और एयर हॉर्न के उपयोग को लेकर कार्रवाई की गई।



### छठे दिन सबसे बड़ी कार्रवाई

इस अभियान के छठे दिन पुलिस ने सर्वाधिक 10,825 वाहनों के खिलाफकार्रवाई की। इस दौरान 4,220 वाहनों से ब्लैक फिल्म हटवाई गई। 2,449 वाहनों पर नियम विरुद्ध नंबर प्लेट पाई गई। 1,784 वाहनों पर अनाधिकृत लेखन मिलने पर कार्रवाई हुई। 763 वाहनों पर अवैध लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट और हूटर लगाने के मामले दर्ज किए गए। 571 वाहनों पर प्रेशर और एयर हॉर्न के उपयोग को लेकर चालान बनाए गए। डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि राजस्थान पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता और प्रवर्तन दोनों स्तरों पर लगातार कार्य कर रही है। अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि वाहन चालकों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहनों पर अवैध ब्लैक फिल्म, हूटर, फ्लैशर और नियम विरुद्ध नंबर प्लेट का उपयोग न करें तथा सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाएं।

## केंद्र सरकार की वर्षगांठ पर की लक्ष्मीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** देवस्थान विभाग के आदेशों पर प्रशासन की ओर से अगुणा बाजार स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, एडीएम संतोष कुमार के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी विजय शंकर मिश्रा ने विधि विधान से पूजा और भगवान की आरती सम्पन्न करवाई। पूजा अर्चना में नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त व तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक, एसीबीईओ रणजीत भींचर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, निवर्तमान पार्षद पंकज घासोलिया, दीनदयाल पारीक, रेवन्तमल पंवार, वरिष्ठ भाजपा नेता बुद्धिप्रकाश सोनी, वैद्य भंवरलाल काछवाल, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, विस्तारक महावीर सेन, प्रेम स्वामी, अमरचंद सेन, मुरारी खंडेलवाल, सांवरमल अग्रवाल, सुनील मंगलूनिया, नवरत्न पुरोहित, राहुल प्रजापत, पुरुषोत्तम चौहान, श्रवणलाल जाट, प्रीतम कटेवा, शर्मिला सोनी, प्रकाश सोनी सहित अनेक ने भाग लिया। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लम्बी उम्र की कामना कर रहा है। इस अवसर पर आयुक्त गिरधारीलाल पारीक का प्रतीक चिह्न प्रदान कर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। पुजारी विजय शंकर मिश्रा ने आयुक्त को उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर 18 दिसम्बर 2014 को मंदिर से 350 साल पुरानी भगवान श्री लक्ष्मीनाथ की अष्टधातु की मूर्ति के साथ तीन अन्य मूर्तियों की चोरी का खुलासा करवाने और मूर्तियों को बरामद कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग भी की।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिलाई छाछ



ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा चूरू लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पड़िहारा प्रभारी मदन दाधीच के नेतृत्व में राजकीय चिकित्सालय के पास आमजन को ठंडी छाछ वितरित कर सेवा कार्य किया गया। युवा नेता शिव भगवान सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता मांगीलाल प्रजापत, कुलदीप भाटी, इमरान शेख, जाकिर हुसैन, जानकी प्रसाद टेलर, देवकिशन सिकलीगर, गौरव, विशाल, शाहरुख खान, चांद रतन, गोपाल सोनी, वीरेंद्र भाटी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल को देश के विकास, सुशासन, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला बताया।

साथ ही उनके नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने देवेंद्र झाझड़िया के जन्मदिवस पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छाछ वितरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लिया और भाजपा कार्यकर्ताओं के इस सेवा कार्य की सराहना की।

## सड़क हादसे में बीएसएफ जवान का निधन, दो बेटे घायल

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** बुहाना-पचेरी मार्ग पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में घायल बीएसएफ जवान ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बुधवार को उनके पैतृक गांव जयसिंहपुरा में ससम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। हादसे में उनके दोनों बेटे भी घायल हो गए जिनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार जयसिंहपुरा निवासी बीएसएफ जवान विनोद कुमार पुत्र कर्ण सिंह मंगलवार को अपने दोनों पुत्रों देव और दक्ष के साथ बाइक पर पचेरी से बुहाना की ओर आ रहे थे। इसी दौरान शिवसिंहपुरा मोड़ के पास सामने से आ रही इक्को गाड़ी से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पचेरी कलां पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को बुहाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें झुंझुनूं रैफर कर दिया गया था। उपचार के दौरान बीएसएफ जवान विनोद कुमार ने दम तोड़ दिया जबकि दोनों बेटों का इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार विनोद कुमार बीएसएफ में कार्यरत थे और वर्तमान में छत्तीसगढ़ में तैनात थे। उनके दोनों बेटे कोचिंग कर रहे हैं। बेटों की कोचिंग में अवकाश होने के कारण वह करीब 15 दिन पहले छुट्टी लेकर घर आए थे। विनोद कुमार का जन्म वर्ष 1981 में हुआ था तथा वर्ष 2006 में उनका चयन बीएसएफ में हुआ था। जवान विनोद कुमार के पिता कर्ण सिंह कृषि कार्य करते हैं। जवान की असामयिक मौत से गांव में शोक का माहौल है। इस दौरान युवाओं ने सूरजगढ़ मोड़ से पैतृक गांव जयसिंहपुरा तक तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। इस दौरान हिसार से आई बीएसएफ की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर इंस्पेक्टर राधेश्याम कुमावत, बुहाना सीआई बिमला बुडानिया, खेतड़ी बीसीएमओ डॉ हरीश यादव, सत्यनारायण, छोटेलाल, रामसिंह मास्टर, श्रीराम मास्टर, विजय सिंह, रणधीर सिंह, कांस्टेबल सोमवीर लाम्बा, कांस्टेबल होशियार सिंह, कांस्टेबल सुशील, दीपक सहित अनेक लोगों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



## बिल के जूस भंडारा लगाया



निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** डूंडलोद रोड स्थित अष्टविनायक धाम में अधिकमास पर बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए बिल के जूस भंडारा लगाया गया। इंदिरा देवी खंडेलिया, मंजू सुरेश खंडेलिया मुंबई परिवार की ओर से बिल का जुस श्रद्धालुओं को पिलाया गया। शास्त्रों में अधिकमास माह पूजा पाठ और दान पुण्य का माह माना जाता है। अष्टविनायक धाम का प्रत्येक बुधवार को श्रद्धालु पूजा पाठ व मनोकामनाएं मांगने के लिए आते है। पंडित राम एवं पंडित शम्भूदयाल की ओर अष्टविनायकों को विशेष पूजा अर्चना एवं महा आरती की गई। महा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। अवसर पर प्रद्युम्न शर्मा, प्रदीप सिंह शेखावत, बालकृष्ण बेरीवाला, सत्यनाराण खेतान, मनोज स्वामी, कपिल सैन, ओमप्रकाश सैनी, अनिता सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

## पद्मश्री महंत बैजनाथ महाराज को संत समाज ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** चंचलनाथ टीला आश्रम में शेखावाटी के विख्यात संत एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत महंत बैजनाथ महाराज के ब्रह्मलीन होने पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सानिध्य में भजन-कीर्तन, पुष्पांजलि एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर सम्पन्न हुआ। संत समाज एवं सर्व समाज के लोगों ने महंत बैजनाथ महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



गौरतलब है कि लक्ष्मणगढ़ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम के महंत बैजनाथ महाराज को वर्ष 2024 में आध्यात्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1935 में जन्मे महंत बैजनाथ महाराज 90 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन हो गए। उनके निधन से संत समाज, नाथ संप्रदाय एवं शेखावाटी क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। इस अवसर पर पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज ने कहा कि महंत बैजनाथ महाराज 32 मान धूनी के संत, संस्कृत व्याकरण के प्रकांड विद्वान, सरल एवं विनम्र व्यक्तित्व के धनी तथा आध्यात्मिक चेतना के प्रेरणास्रोत थे। उनका संपूर्ण जीवन संत परंपरा के आदर्शों एवं मानवीय मूल्यों को समर्पित रहा। उनके ब्रह्मलीन होने से नाथ संप्रदाय एवं शेखावाटी क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। संत विचारनाथ महाराज ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महंत बैजनाथ महाराज ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाजसेवा, गौ-सेवा, संस्कृत भाषा के संरक्षण तथा आध्यात्मिक जागरण के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। अभयनाथ महाराज, उमाशंकर महमिया, रामगोपाल महमिया, शिवचरण पुरोहित, चन्द्रप्रकाश धूपिया, पवन पुजारी, लॉयंस क्लब अध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत, प्रदीप सैनी, शिवकुमार जांगिड़ एवं एडवोकेट सुशील जोशी सहित वक्ताओं ने महंत बैजनाथ महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि पद्मश्री जैसे सम्मान प्राप्त करने के बाद भी वे सदैव विनम्र, सहज और जमीन से जुड़े रहे। उनका निधन एक युग के अवसान के समान है। श्रद्धांजलि सभा में सुशील बाक्याण, दीपक मोदी, अमरनाथ जांगिड़, गोपालकृष्ण गुप्ता, नरेंद्र व्यास, एडवोकेट नीरज शर्मा, गोपी पुरोहित, कांतिप्रसाद ढंड, पवन ढाणीवाला, देवकीनंदन वर्मा, विनोद पुरोहित, गणपत नाथ महाराज, विजय सैनी, रमेश चौमाल, अमृत जोशी, राकेश व्यास, विमल सैनी, भानी सैनी, लीलाधर पुरोहित, राजकुमार बेरवाल, राजेश शर्मा, नटवर चौधरी, शंभूदयाल पुरोहित सहित बड़ी संख्या में संत, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभा के अंत में सभी उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत संत को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उपस्थित जनसमूह ने महंत बैजनाथ महाराज को महान संत, विद्वान, समाजसेवी एवं भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के सशक्त प्रतिनिधि के रूप में स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान की बर्बरता



यह अच्छा हुआ कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के लोगों पर पाकिस्तानी सेना के दमन चक्र का संज्ञान लिया। ऐसा किया जाना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी के चलते 30 लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। इसके अतिरिक्त तमाम लोगों को गिरफ्तार कर जेलों में ठूंस दिया गया है, ताकि असंतोष की आग किसी तरह शांत हो, लेकिन वह और भड़क रही है। इसका कारण पाकिस्तान सरकार की वहां के लोगों से की गई वादाखिलाफी है। पिछले वर्ष अक्टूबर में मुजफ्फराबाद समझौते के तहत पाकिस्तान सरकार ने वहां के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के जो वादे किए थे, वे खोखले ही साबित हुए। वहां के लोगों का धैर्य इसलिए जवाब दे गया है, क्योंकि महंगाई बढ़ने के साथ बुनियादी सुविधाओं का अभाव बढ़ रहा है। यह पहली बार नहीं, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले इस भारतीय भूभाग के लोगों ने अपनी उपेक्षा और दुर्दशा से त्रस्त होकर बगावती तेवर दिखाए हों। वे पहले भी ऐसा करते रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें प्रताड़ना ही मिली है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले इस भारतीय हिस्से के संसाधनों का दोहन तो करता है, लेकिन वहां के लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं उपलब्ध कराता। भारत को तंग करने के लिए जब-तब कश्मीर का राग अलापने वाला पाकिस्तान अपने हिस्से के लोगों का जैसा उत्पीड़न करने में लगा हुआ है, उसकी मिसाल मिलना कठिन है। नि:संदेह केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि भारत गुलाम जम्मू-कश्मीर के बिगड़ते हालात पर चिंता जताए। उसके लिए ऐसे कदम उठाना भी आवश्यक है, जिससे वहां की चिंताजनक स्थितियों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय गंभीरता से ध्यान दे। यह ठीक है कि ब्रिटेन के 50 सांसदों ने वहां के लोगों के खिलाफ जारी अत्याचार पर चिंता जताई, लेकिन आखिर क्या कारण है कि यूरोपीय समुदाय के देश और विशेष रूप से अमेरिका मौन है? इन देशों का मौन यही बताता है कि वे किस तरह मानवाधिकारों के बर्बर उल्लंघन पर दोहरे रवैये का परिचय देते हैं? भारत का हित इसी में है कि विश्व समुदाय इससे भली तरह परिचित हो कि इस भारतीय क्षेत्र पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। इससे ही पाकिस्तान दबाव में आएगा और भारत का अपने इस भूभाग पर दावा मजबूत होगा। भारत को गुलाम जम्मू-कश्मीर पर अपना दावा मजबूत करने के लिए इसलिए और अधिक सक्रिय होना होगा, क्योंकि इस क्षेत्र पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे के कारण ही भारत की अफगानिस्तान तक सीधी पहुंच स्थापित नहीं हो पा रही है। भारत को संसद में पारित प्रस्ताव के अनुरूप इसके प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा कि वह अपने इस हिस्से को हासिल करने और अपनी सीमा अफगानिस्तान तक ले जाने को लेकर गंभीर है।

## विशेष आलेख

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल : भरोसे के हकीकत में बदलने का दौर

**यदि मॉनिंग कंसल्ट की माने तो दुनिया के नेताओं की सूची पर एक नजर दौड़ाई जाएं तो केई भी वैश्विक नेता स्वीकार्यता में नरेन्द्र मोदी के आसपास भी नहीं टिकते। विपक्षी पार्टियां द्वारा लगातार देश और विदेश में अभियान चलाने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेंकिंग या स्वीकार्यता के मामलें में वैश्विक नेताओं से बहुत आगे हैं।**

68 प्रतिशत स्वीकार्यता नरेन्द्र मोदी की है जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की स्वीकार्यता रेंक लगातार नेगेटिव जा रही है। फालोवर्स में भी नरेन्द्र मोदी सबसे आगे हैं। दुनिया का संभवत: हमारा ही देश होगा जहां देश के बाहर भारत की छवि खराब करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही उसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह स्वीकार्यता निश्चित रुप से भारत ही नहीं दुनिया के अन्य देशों में भी उनकी लोकप्रियता और सर्वमान्यता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले चुनिंदा प्रधानमंत्री बन गए हैं।

चुनिंदा इसलिए कि देश में पहले लोकसभा चुनाव 1952 में हुए पर पं. नेहरु 1947 से 1952 तक भी प्रधानमंत्री रहे। लगातार 12 साल कोई कम नहीं होते और वह भी लगातार 12 साल। सबसे बडी बात यह कि इस दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा ऐसे साहसिक निर्णय किये गये हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। माना तो यही जाता था कि कश्मीर में धारा 370 और 35 ए हटाना, राममंदिर का निर्माण, डिजिटल क्रांति, वैश्विक नेतृत्व, नोटबंदी, एक देश एक कर, घर घर शोचालय, घर घर कचरा संग्रहण, रक्षा उपकरणों का निर्यात, किसान सम्मान, मेक इन इंडिया, इंडिया फर्स्ट, बड़ी अर्थ व्यवस्था, तेजी से ढांचागत विकास, डिजिटल भुगतान, नक्सलवाद की नेस्तनाबूदी, आत्मनिर्भर भारत, परिवहन क्षेत्र में ढांचागत बदलाव आदि आदि समय समय पर की जाने वाली घोषणाएं केवल चुनाव जीतने के जुमले हैं पर लगभग असंभव माने जाने वाले यह काम आज धरातल पर उतरना सबसे बड़ी उपलब्धी मानी जा सकती है। इससे सबके साथ ही सबसे आश्चर्य जनक बात यह है कि लाख विरोध के बावजूद विपक्ष आज हाशिये में चला गया है।

कश्मीर से धारा 370 और 35 ए की समाप्ति हो चुकी है। दुनिया के किसी देश ने खुलकर इसका विरोध करने की हिम्मत नहीं दिखाई। बाबरी मस्जिद के स्थान पर राममंदिर का निर्माण हो चुका है तो तीन तलाक,



सीएए, यूसीसी और यहां तक कि सर्जीकल स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिन्दुर तक पर दुनिया के किसी देश की भारत के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने की हिम्मत नहीं हो पाई है। आज अर्थ व्यवस्था में जिस तेजी से बदलाव आया है और चौथी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने के बाद अब तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने की और तेजी से कदम बढ़ चुके हैं। जनधन योजना के समय जिस तरह से आलोचना का दौर चला था आज भुगतान में डिजिटलीकरण में इसकी बड़ी भूमिका तय हो चुकी है। जो लगभग असंभव माना जा सकता था वह आज डिजिटल भुगतान के माध्यम से संभव हो पाया है और पांच रु. के टमाटर का भुगतान भी सब्जीवाले तक को यूपीआई से आसानी से होने लगा है। सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजना के भुगतान, पेंशन, अनुदान आदि आज सीधे खातों में जाने लगे हैं। यह किसी दिवा स्वप्न से कम नहीं है। आईपीसी सीपीसी में बदलाव किया जा चुका है। तो जीएसटी में लाख कमियां गिनाने के बावजूद आज समूचा देश एक देश एक कर के छाते के नीचे आ चुका है। बुनियादी ढांचें में तेजी से बदलाव आया है। आज वंदे भारत और नमो भारत ट्रेन चलने लगी है तो 33 किमी प्रतिदिन हाईवे का निर्माण हो रहा है। एक्सप्रेस हाईवे से आवागमन आसान हुआ है। आयुष्मान योजना से 50 करोड़ लोगों को जोड़ा जा चुका है तो सस्ती जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता का नेटवर्क विस्तारित किया गया है। आज 98 प्रतिशत घरों से घर घर कचरा संग्रहण होने लगा है तो अब घर घर में शोचालय बन चुके हैं। कोरोना के दौरान हमारे प्रयासों को सारी दुनिया द्वारा सराहा गया यहां तक कि कोरोना के दौरान जीवन रक्षक की भूमिका में भारत ने भूमिका निभाई। किसानों की आय में बढ़ोतरी के ठोस प्रयास हुए हैं तो किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को उनका आत्मसम्मान उपलब्ध कराया गया है। एमएसपी व्यवस्था में सुधार हुए हैं तो खेती किसानी के क्षेत्र में बदलाव छाप दिखाई दे रहा है। मेक इन इंडिया और इंडिया फर्स्ट भी आज साकार होता दिखाई दे रहा है। आज हम रक्षा उपकरणों का निर्यात करने लगे हैं तो सहस्त्रबलों के आधुनिकीकरण और निर्णय की स्वतंत्रता का परिणाम है कि आज सेनाएं आत्मगौरव के साथ आगे बढ़ रही है। आज देश आत्म निर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

जहां तक कूटनीतिक स्तर पर सफलता की बात है तो भारत आज पिछलग्गू देशों में नहीं बल्कि दुनिया का नेतृत्व करने की स्थिति में आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लाख प्रयासों के बावजूद भारत के खिलाफ कुछ खास कर नहीं पा रहे हैं। पाकिस्तान के पक्ष में आज तुरकिया जैसे एकाध को छोड़कर कोई देश बोलने की स्थिति में नहीं है। मालदीव को नरेन्द्र मोदी के एक फोटो ट्वीट ने सबक सीखा दिया तो दूसरे देश भी भारत की ताकत को समझने लगे हैं।

खैर यह सब होते हुए भी नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने अभी चुनौतियां कम नहीं हैं। रोजगार सृजन, प्रति व्यक्ति आय में अंतर, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, जल जीवन मिशन के बावजूद पेयजल की सहज उपलब्धता, खेती की बरसात पर निर्भरता, परिसीमन आदि ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जिन पर ठोस काम किया जाना है। देश में जिस तरह से पेपर लीक होने के मामले सामने आये हैं इससे युवाओं में निराशा हुई है उसे दूर करने की चुनौती सामने हैं तो स्टार्ट अप और कौशल विकास के बावजूद बेरोजगारी की दर अभी भी चिंतनीय स्तर पर है। साइबर क्राइम और गेमिंग जैसी नई चुनौतियां तो सोशल मीडिया के दुरुपयोग और अत्यधिक उपयोग के साइड इफेक्ट आदि अनेक समस्याएं समाधान चाहती है।

देश आज तेजी से एक देष एक चुनाव के धरातल पर उतरने का इंतजार कर रहा है। रिन्यूवल एनर्जी पर बहुत कुछ हासिल करने के बावजूद अमेरिका ईरान युद्ध के कारण जिस तरह से तेल और एलपीजी का संकट आया है इसका भी दीर्घकालीन समाधान खोजा जाना है। हांलाकि समस्याएं अनवरत और नियमित प्रक्रिया है पर दीर्घकालीन योजनाओं से आसानी से निपटा जा सकता है।

इस सबके बावजूद देशवासियों को नरेन्द्र मोदी के प्रति पूरा भरोसा है। यही कारण है कि विपक्ष की लाख आलोचनाओं के बावजूद नरेन्द्र मोदी की स्वीकार्यता और भरोसे व उनके आत्मविश्वास में किसी तरह की कमी नहीं आई है। सौ टके की बात कही जाएं तो नरेन्द्र मोदी की अपार उपलब्धियों के बावजूद चुनौतियां भी अपार है और सबसे अच्छी बात यह कि देशवासियों का उनपर भरोसा भी पूरा है और वैश्विक स्वीकार्यता भी सबसे अधिक है।

## आज का राशिफल

### मेष

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

### वृष

डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है।

### मिथुन

कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कर्क

तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा।

### सिंह

चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### कन्या

किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### तुला

स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

### वृश्चिक

रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

### धनु

विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

### मकर

मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

### कुंभ

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### मीन

यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# जल्दी बाल बढ़ाने के लिए इन तरीकों से लगाएं आंवला

बालों को लंबा करने में आंवला एक बेहतरीन फल है। हम में से ज्यादातर लोग इसका सेवन करते हैं, साथ ही त्वचा और बालों की कई समस्याओं को दूर करने के लिए भी प्रयोग करते हैं। जिन लोगों के बाल बहुत झड़ते हैं, साथ ही उनकी जगह पर नए बाल नहीं उगते हैं उनके लिए आंवला का सेवन और इसका बालों में प्रयोग दोनों ही बहुत लाभकारी साबित हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आंवला विटामिन सी का एक बेहतरीन स्त्रोत है, जो आयरन के अवशोषण में मदद करता है। साथ ही एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल गुणों से भी भरपूर होता है।

यह इम्यूनिटी को मजबूत बनाने और हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करता है। अगर आप बालों में आंवला का प्रयोग करते हैं तो यह स्कैल्प से हानिकारक बैक्टीरिया, फंगस और डैंड्रफ का सफाया करेगा जो आपके बालों को पतला करते हैं और हेयर ग्रोथ को प्रभावित करते हैं। साथ ही यह स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को भी स्टिमुलेट करता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा मिलता है और बालों के रोम को भीतर से पोषण मिलता है। इस तरह यह बालों को जल्दी लंबा करने में बहुत लाभकारी है।



**आंवला जूस पिएं :** आप सुबह खाली पेट आंवला जूस का सेवन कर सकते हैं, इसे बालों के विकास के साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य को भी कई लाभ मिलेंगे। आप चाहें तो आप चुकंदर और गाजर के जूस में भी 2 आंवला का जूस बनाकर पी सकते हैं।

**आंवला फल खाएं :** यह आंवला का प्रयोग करने का सबसे आसान तरीका है। आप सुबह 2 आंवला फल को उबालकर, इसका सीधे तौर पर सेवन कर सकते हैं। इससे आपके बाल और त्वचा दोनों को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी। जब आप आंवला का सेवन करते हैं इससे आपके शरीर को आंतरिक रूप से पोषण मिलता है, इससे रक्त में ऑक्सीजन को बढ़ाने और बालों के रोम को पोषण प्रदान करने में मदद मिलती है।

**आंवला पाउडर और नारियल तेल हेयर पैक :** आप बालों की जरूरत के अनुसार एक बर्तन में नारियल तेल लें, फिर इसमें 1-2 चम्मच आंवला पाउडर डालें और पकाएं। इसे ठंडा कर लें, फिर बालों में लगाएं और स्कैल्प की मालिश करें। आप चाहें तो आंवला फल को पीसकर भी नारियल तेल में पका सकते हैं। इसे सिर धोने से पहले बालों में कम से कम 1 घंटे के लिए बालों में जरूर लगाएं।

**मेहंदी में आंवला पाउडर मिलाकर लगाएं :** मेंहदी भी बालों की अच्छी ग्रोथ में मदद करती है। आप जल्दी बाल बढ़ाने के लिए 2 चम्मच मेहंदी पाउडर में 1 चम्मच आंवला पाउडर और गर्म नारियल या सरसों तेल मिलाकर भी बालों में अप्लाई कर सकते हैं। 3-4 घंटों के लिए बालों में जरूर लगाएं, फिर शैंपू से सिर धो लें। इससे बहुत लाभ मिलेगा।

### आंवला पाउडर और अंडा हेयर मास्क

अंडा प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है, जो बालों के विकास और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है। एक बाउल में 1 अंडे का सफेद भाग लें, इसमें 1-2 चम्मच आंवला पाउडर मिलाएं और जरूर के अनुसार जैतून का तेल मिलाएं। अच्छी तरह मिक्स करें फिर बालों स्कैल्प से लेकर बालों में अच्छी तरह लगाएं और मालिश करें। इसे कम से कम 1 घंटा बालों में जरूर लगाएं। उसके बाद शैंपू से सिर धो लें।

# टमाटर से चेहरे के दाग-धब्बे इन तरीको से हटाएं, मिलेगी ग्लोइंग स्किन

टमाटर में त्वचा के लिए जरूरी कई विटामिन सी और कई मिनरल्स मौजूद होते हैं, साथ ही इसमें कई औषधीय गुण जैसे एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी और बैक्टीरियल गुण। जो न सिर्फ त्वचा को हेल्दी रखने में मदद करते हैं, बल्कि कई त्वचा की कई आम समस्याओं को दूर करने में भी मदद करते हैं। यही कारण हैं कि हम भारतीय सिर्फ सलाद या सब्जियों में ही टमाटर का प्रयोग नहीं करते हैं, बल्कि यह बहुत से लोगों के दैनिक स्किन केयर रूटीन का एक अहम हिस्सा है। यह चेहरे के कील-मुहासे, पिगमेंटेशन, झुर्रियां आदि कम करने में मदद करता है।

**टमाटर फेस पैक लगाएं :** टमाटर का फेस पैक बनाने के लिए आपको एक बाउल में 2 चम्मच टमाटर के गूदा का पेस्ट, चुटकी भर हल्दी, 1-1 चम्मच दही और नींबू का रस डालना है। फिर इसे अच्छी तरह मिक्स करें और एक स्मूथ पेस्ट बना लें। साधे पानी से चेहरा धोएं, चेहरा सुखाने के बाद इस फेस पैक को चेहरे पर अप्लाई करें, 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर सादे पानी से धो लें।

**एक्सफोलिएटर के रूप में प्रयोग करें :** इसके लिए आप टमाटर से नेचुरल स्क्रब बना सकते हैं। इसे बनाना भी बहुत आसान हैं। बस आपको एक आपको एक टमाटर का टुकड़ा लेना है, फिर इसपर चुटकी भर हल्दी डालकर चेहरे पर रगड़ना है। 2-3 मिनट तक सर्कुलर मोशन में इसे चेहरे पर रगड़ें। इससे त्वचा की डेड स्किन साफ होगी और डार्क स्पॉट्स से भी छुटकारा मिलेगा।

**चेहरे पर टमाटर का रस लगाएं :** आप सीधे तौर चेहरे पर टमाटर का रस भी लगा सकते हैं। आप इसका प्रयोग चेहरे की सफाई करने के लिए कर सकते हैं, साथ ही इसे चेहरे पर लगाकर रात भर के लिए छोड़ भी सकते हैं। इससे त्वचा पर अतिरिक्त तेल के उत्पादन को कम करने में मदद मिलेगी, कील-मुंहासे और उनके जिद्दी निशान भी कम होंगें।

# बच्चों को खिलाएं ये फल पानी की कमी को करेंगे पूरा

बच्चों को हेल्दी रखने के लिए बच्चों को कई हेल्दी चीजें खिलाई जाती हैं। कई बार बच्चे खाना, तो ठीक से खाते हैं लेकिन पानी नहीं पीते। ऐसा लगातार करने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। बच्चों के शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए बच्चों को ये फल खिलाएं जा सकते हैं। ये फल खाने से शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के साथ इम्यूनिटी को भी मजबूत करेंगे। ये फल बच्चों के पाचन तंत्र को हेल्दी रखने में मदद करेंगे। सर्दी होने पर कई बार बच्चों को प्यास लगने का एहसास नहीं होता है। ऐसे में ये फल देकर उनकी शरीर में पानी की कमी को आसानी से पूरा किया जा सकता है। बच्चों में लंबे समय तक डिहाइड्रेशन की समस्या होने पर गंभीर बीमारी भी हो सकती हैं।

### संतरा

संतरा पोषक तत्वों से भरपूर होता हैं। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, आयरन, फाइबर और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। इसको खाने से इम्यूनिटी को मजबूत करके बच्चों की भूख बढ़ाने में भी मदद करता है। संतरा बच्चों को खिलाने से बच्चों में पानी की कमी आसानी से पूरी होती है। सर्दियों में बच्चों को संतरा धूप में बैठकर ही खिलाएं।



### अनार

पोषक तत्वों से भरपूर अनार शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अनार में भरपूर मात्रा में आयरन, फाइबर, ओमेगा-6 फैटी एसिड और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। बच्चों को अनार खिलाने से शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ती है और बच्चों की शरीर की कमजोरी दूर होती है। सर्दियां होने पर बच्चों को अनार खिलाने से बच्चों के शरीर में पानी की कमी पूरी होती है।

### कीवी

कीवी शरीर के लिए बहुत हेल्दी होती है। कीवी में प्रचुर मात्रा में फाइबर, फोलेट और पोटेशियम आदि पाए जाते हैं। कीवी में प्रचुर मात्रा में पानी पाया जाता है, जो बच्चों के शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में मदद करता है। कीवी खाने से बच्चों को लंबे समय तक प्यास नहीं लगती है। इसको खाने से बच्चों की इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

### सेब

अधिकतर बच्चों को सेब काफी पसंद होता है। बच्चों को रोज एक सेब खिलाने की सलाह दी जाती है। बच्चों को नियमित सेब देने से उनमें डिहाइड्रेशन की समस्या दूर होती है। सेब बच्चों के शरीर में खून की कमी को दूर करके उनको हेल्दी रखने में मदद करता है। बच्चों को सेब खिलाने से बच्चों में पानी की कमी पूरी होती है।

### अनानास

अनानास पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन, प्रोटीन और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। इसको खाने से बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ती है और पाचन तंत्र भी हेल्दी होता है। अनानास में पानी की मात्रा पाई जाती है। बच्चो को ये खिलाने से उनमें पानी की कमी नहीं होती।

## 50 लाख की चोरी का पर्दाफाश

### हरियाणा के रोहतक का शातिर चोर को गिरफ्तार

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिले की सादुलपुर पुलिस ने गांव पहाड़सर में हुई 3 जून की रात करीब 50 लाख रुपये की चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए हरियाणा निवासी एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि गांव पहाड़सर में 3 जून की रात के दौरान दो अलग-अलग मकानों को निशाना बनाकर नकदी व आभूषण चोरी कर लिए गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए रिछपाल सिंह चारण, अभिजीत पाटिल के सुपरविजन तथा थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की सहायता से जांच को आगे बढ़ाया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने हरियाणा निवासी नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पहाड़सर में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक आदतन अपराधी है तथा उसके खिलाफहरियाणा में चोरी और संपत्ति संबंधी अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के गहनों सहित लाखों रुपये का माल बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उससे अन्य वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई को सादुलपुर पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

## 21 कुंडीय महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** धार्मिक आस्था, गौसेवा और वैदिक परंपराओं के संगम स्वरूप आयोजित 21 कुंडीय श्रीराम गौ पुष्टि महायज्ञ श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ। महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, गो भक्तों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां अर्पित की तथा धर्म लाभ प्राप्त किया। यज्ञाचार्य पंडित प्रमोद शास्त्री ने बताया कि महायज्ञ का आयोजन वैदिक रीति-रिवाजों एवं मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया। महायज्ञ के प्रमुख यजमान कमलेश तिवाड़ी एवं कंवर पाल सिंह रहे, जिन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर यज्ञ में पूर्णाहुति दी। महायज्ञ को संत-महात्माओं का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर गणेश दास महाराज अयोध्या, हीरापुरी महाराज बड़ी डूंगरी, परशुराम दास सरना तथा सर्वेश्वर शरण दास महाराज सहित अनेक संतों ने श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति एवं गौ संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गोभक्त शामिल हुए। महायज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें देसी घी के लड्डूए भुजिया, पूड़ी एवं सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों के अनुसार भंडारे में 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। महायज्ञ के सफल आयोजन में अशोक टेलर, अशोक जाट, बनवारी अग्रवाल, रामेश्वर यादव एवं नेकीराम स्वामी सहित अनेक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। संतों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं तथा गौ संरक्षण और भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## गहराता जा रहा है ट्रांसफार्मर लोकेशन का विवाद



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भोजलाई बास स्थित चैम्बर चौक में विद्युत ट्रांसफार्मर लगाए जाने का विवाद लगातार गहराता जा रहा है। दरअसल यहां पर पार्क में विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया जाना है और इसके लिए विद्युत पोल भी रोप दिए गए हैं। लेकिन यहां रहने वाले कुछ परिवारों का कहना है कि यह ट्रांसफार्मर उन मोहल्लों में ही लगाया जावे, जहां पर वोल्टेज की दिक्कत है। भाजपा नेता सुमन सामरिया ने बताया कि सांड चौक, घिंदड़ चौक जैसी बड़ी जगह पड़ी है उसके बावजूद भी चैम्बर चौक में क्यों ट्रांसफार्मर लगाया जावे, आप सम्बंधित मोहल्लों में लगवाईए। दूसरी ओर स्थानीय निवासी प्रकाश प्रजापत ने बताया कि सांड चौक की तरफ, श्मशान घाट के दूसरे गेट की तरफ काफी पानी भरा रहता है इसलिए चैम्बर चौक में ही ट्रांसफार्मर लगाया जाना चाहिए। इसी को लेकर बड़ी संख्या में लोग सहमत हैं। स्थानीय निवासी रवि पुरोहित ने बताया कि जब बारिश में यहां पर पानी भरा रहेगा और हादसे होंगे, तो कौन जिम्मेदार होगा। इसलिए इसे खुले चौक में दूसरी लगह लगाईये। दूसरी ओर इस मामले को लेकर मोहल्ले के लोग दो गुटों में बंटे नजर आ रहे हैं। इसी प्रकरण को लेकर थाने में घंटो तक राजीनामे के प्रयास हुए लेकिन आम सहमति नहीं बन पाई। दूसरी ओर सीआई बैगाराम मीणा, विद्युत निगम के अधिकारियों ने भी भाजपा नेता कमल दाधीच, सुमन सामरिया के साथ अलग-अलग लोकेशन का मौका मुआयना किया। फिर भी आम सहमति नहीं बन पाई। आपको बता दें कि भाजपा के ही नेता इस प्रकरण को लेकर आमने-सामने हैं। भाजपा नेता सुमन सामरिया ने कहा है कि भाजपा के कुछ लोग कांग्रेस सांसद से इस मामले में अधिकारियों पर दबाव बनवा रहे हैं।

## एडीजे न्यायाधीश भाटी का किया स्वागत



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी का महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान द्वारा स्वागत किया गया है। कार्यक्रम में साफा बांधकर, माला पहनाकर, मोमेंटो देकर संस्था संरक्षक डॉक्टर कन्हैयालाल मारोठिया, अध्यक्ष महेश तंवर, सचिव अजय सैनिक, कोषाध्यक्ष मिथिलेश तंवर, चूरू जिला अध्यक्ष अमित मारोठिया, चूरू जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल कारोड़िया, सलाहकार निर्मल सिंगोदिया, जयचंदलाल टाक, नवरत्न टाक, प्रेम चौहान, पिंटू सोनी आदि ने अभिनंदन किया।

# ग्राम पंचायत में अनियमितताओं के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीमाधोपुर उपखंड क्षेत्र की अरणिया ग्राम पंचायत में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया।

बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध जताया। ग्रामीणों का नेतृत्व जनसेवक जमन लाल यादव और फौजी शंकर सिंह शेखावत ने किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में कथित तौर पर अनियमितताएं बरती जा रही हैं तथा सरकारी योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता का अभाव है। ग्रामीणों ने बताया कि वे अपनी समस्याओं और शिकायतों का ज्ञापन देने पंचायत भवन पहुंचे थे लेकिन इससे पहले ही ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्ठ लिपिक उपस्थित नहीं थे और पंचायत भवन बंद मिला। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई। प्रदर्शनकारियों ने पंचायत में वित्तीय गड़बड़ियों, मनरेगा कार्यों में मस्टरोल भरने में कथित अनियमितता तथा साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही के आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना था कि गांव के कई वार्डों में नियमित सफाई और कचरा संग्रहण नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने अमृत जल अभियान 2.0 के तहत अरणिया क्षेत्र से श्रीमाधोपुर शहर को पानी उपलब्ध कराने की योजना का भी विरोध जताया। उनका कहना था कि गांव की लगभग 70 प्रतिशत आबादी पहले से ही पेयजल संकट का सामना कर रही है। ऐसे में गांव के करीब 15 ट्यूबवेल जल स्त्रोतों का उपयोग अन्य क्षेत्रों के लिए किए जाने से स्थानीय लोगों की समस्याएं और बढ़ जाएगी। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## कॉम्लेक्सों में नहीं मिल रहे फायर सेफ्टी के प्रबंध



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** देश के अलग-अलग हिस्सों में आग लगने की घटनाओं से हुई जनहानि को देखते हुए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना में बुधवार को नगरपरिषद के फायर ऑफिसर रूप सिंह के नेतृत्व में टीम ने कई प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी गाइडलाइन की पालना करने के निर्देश दिए। सिंह ने बताया कि शहर में कई व्यवसायिक कॉम्प्लेक्सों सहित कई कमर्शियल प्रतिष्ठानों को पहले भी नोटिस दिए गए हैं लेकिन इन्होंने गाइडलाइन की पालना नहीं की। टीम ने सबसे पहले घंटाघर के पास स्थित धनलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में बने बैंकों, रेस्टोरेंट सहित दुकानदारों को फायर सेफ्टी नहीं होने पर होने वाले संभावित खतरों के बारे में चेताया और गाइडलाइन की पूरी तरह पालना करने के लिए कहा। रूप सिंह ने बताया कि अगले दो हफ्ते पूरे शहर के भवनों में जाकर गाइडलाइन की पालना करने के लिए पाबंद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी तरह की व्यावसायिक बिल्डिंग्स, कॉम्प्लेक्स, विवाह स्थल, रेस्टोरेंट्स, रूफ टॉप्स आदि का विजिट कर फायर सेफ्टी को लेकर जागरूक करने के साथ ही जरूरी गाइडलाइन की पालना करवाई जाएगी।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम मूण्डरु के बिहारीजी चौक में पवित्र पुरुषोत्तम मास में 9 से 16 जून तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान-यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई जो प्रसिद्ध प्राचीन श्याम मंदिर से रवाना हुई। मुख्य मार्गों से होती हुई कलश यात्रा बिहारीजी चौक पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत, अभिनन्दन सम्मान किया गया। बिहारीजी चौक में कथा-स्थल पर विधि-विधान से घट-स्थापना की गई। मुख्य यजमान राम कंवर ने व्यासपीठ और श्रीमद्भागवत ग्रंथ की पूजा-अर्चना की। इसके बाद कथाव्यास पण्डित नंदकिशोर भारद्वाज ने भागवत महात्म्य का प्रसंग सुनाया। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही जिसमें मातृशक्ति की संख्या ज्यादा रही।

# सारसर के 18 युवाओं का हुआ सम्मान

### युवाओं की सफलता पूरे क्षेत्र का गौरव : कस्वां

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** चूरू सांसद सांसद राहुल कस्वां गांव सारसर में नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जहां हाल ही में विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित 18 युवाओं का सम्मान किया गया। समारोह में चयनित युवाओं को साफा पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों और नवयुवक मंडल के सदस्यों ने भी युवाओं की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर लगातार सरकारी सेवाओं में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। कस्वां ने कहा कि इस वर्ष जिले भर से बड़ी संख्या में युवाओं का सेना सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन हुआ है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता मामराज सारण ने बताया कि गांव के युवाओं की उपलब्धियां आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी हैं। ऐसे सम्मान समारोह युवाओं को



आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इसलिए आज गांव के नवयुवक मंडल की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया है जिनमें सफल हुए गांव के प्रतिभाशाली युवाओं विजय जुलूस गांव में निकाला गया। इस दौरान जगह-जगह इस जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया है। कार्यक्रम में आरएलपी नेता ताराचन्द सारण, मोनलाल आर्य, इन्द्राज सारण, रूपचंद सारण, मामराज सारण, किशन सिंवर, मांगीलाल मेघवाल, सोहनराम सुथार, दारामराम सारण, सावरमल सारण, रामोतार माली, बल्लू सिंह फौजी, राजेंद्र शर्मा, रामनिवास गोदारा, सावंतराम सारण, प्रतापराम सारण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं युवाओं की उपस्थिति रही। सभी ने चयनित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# योगा शिक्षकों ने वेतन भुगतान, स्थायी नियुक्ति एवं मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के आयुर्वेद विभाग झुन्झुनू एवं पीएचसी/एसएचसी पर कार्यरत योग प्रशिक्षकों ने जिला कलेक्टर, सीएमएचओ एवं आयुर्वेद उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों को उठाया। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि पिछले 5 साल से हुए लगातार अल्प मानदेय में काम कर रहे है और सरकार ने अभी तक उनकी कोई स्थाई नियुक्ति नहीं की है कई शिक्षकों का वेतन लंबित है, इन योग प्रशिक्षक को की मांग है कि उन्हें संविदा कदर में शामिल किया जाए। योगा शिक्षकों ने मांग की कि उनको वर्तमान में महिलाओं को 5000 और पुरुषों को 8000 दिए जा रहे हैं जिससे कि उनका खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। अत: सरकार से निवेदन है की इन योग प्रशिक्षकों का सम्मानजनक मानदेय 25000 से 30000 प्रतिमाह किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि योगा शिक्षक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, इसलिए उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए। अन्यथा योग प्रशिक्षकों द्वारा 11 जून से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक योग का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे जब तक की सरकार और विभाग योग प्रशिक्षकों की स्थाईकरण को लेकर कोई आदेश जारी न करें। इस दौरान योग प्रशिक्षक किसी प्रकार की रिपोर्ट और सूचना नहीं भेजने का निर्णय लिया है । जो एक प्रकार से ठीक है। योग प्रशिक्षकों को हो रही समस्या का समाधान सरकार जल्द से जल्द करें ऐसी आशा करते हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन आलडिया, मंजू, किरण, रेखा, सरिता, किरण, करीना, अनीता, बबीता, योगेश, रेणु, ज्योति, रवि, कविता, प्रियंका, दीपक, सोनू, संजय जांगिड़, अंजना, सुनील, प्रवीण, रेखा, राजपाल, जतिन, मनीष शर्मा, दीपक, प्रियंका सहित अनेक योगा शिक्षक उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान की बैठक आयोजित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान झुंझुनू की मासिक बैठक शहीद करणी राम रामदेव पार्क झुंझुनू मे की गई। संस्थान के प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोवा ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि हरिराम महण रहें। विभिन्न योजनाओं के फॉर्म तैयार किये गये तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमें बस पास, रेल्वे पास, दिव्यांग ऋण योजना, सिलाई मशीन के फॉर्म तैयार किये गये तथा दो दिव्यांगों को बैठक में ही बैशाखी उपलब्ध करवाई गई। मलेशिया में हुई पैरा थ्रो चैम्पियनशिप जिला के तीन दिव्यांग खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलने पर संस्थान द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जिसमें रहमते खातून, निर्मला कुमारी व अरुण कुमार सामिल थे। बैठक में शोयब लंगा, शालिक, मुकेश कवर, नरेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र, दाताराम गुर्जर, मनीराम, सुनीता, रोतास, अलीहसन, राजवीर शेखावत, रिछपाल सैनी, जयसिंह, सुमन, अमित सोनी, मुकेश सैनी, धर्मपाल, कमलेश सैनी आदि दिव्यांग लोगों ने भाग लिया। बैठक में नाश्ता व शीतल पेय की व्यवस्था मंजू पांडे के द्वारा की गई।

## दो बहनों ने एक साथ हासिल की पीएचडी, शोध कार्य से बढ़ाया क्षेत्र का मान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी से मोनिका पालीवाल और राखी पालीवाल ने एक साथ पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर परिवार, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों बहनों का शोध कार्य प्रोफेसर डॉ महेंद्र तिवारी के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

मोनिका पालीवाल ने भारत में अधिकारों की रक्षा में मीडिया की भूमिका : हेट स्पीच से बचाव के विशेष संदर्भ में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध किया। अपने शोध में उन्होंने भारतीय परिप्रेक्ष्य में नागरिक अधिकारों की सुरक्षा तथा हेट स्पीच से संरक्षण में मीडिया की भूमिका का विस्तृत एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है। वहीं राखी पालीवाल ने भारत में महिला कामगारों के लिए श्रम कानूनों के कार्यान्वयन पर एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया। शोध में उन्होंने महिला श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, उनकी उपयोगिता तथा उनसे जुड़ी चुनौतियों का विस्तार से विश्लेषण किया। दोनों बहनों की इस उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों, शिक्षाविदों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चार खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय टी-20 सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

सुरेन्द्र शर्मा




Happy Kumari Anushi Hitanshi Vaishno

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में संचालित एस एस मोदी क्रिकेट एकेडमी की चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय टी-20 सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में हुआ। क्रिकेट एकेडमी कोच अजय कुमार ने बताया कि अपनी एकेडमी से राज्य स्तरीय टी-20 सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें हैप्पी कुमारी, अनुशी खिचड़, हितांशी गढ़वाल और वैष्णो झुन्झुनूं टीम में हिस्सा लेगी। यह प्रतियोगिता राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जेजेटी विश्वविद्यालय, चुड़ैला के खेल मैदान में होगी। सभी खिलाड़ियों को विद्यालय स्टाफ व कोच ने अग्रिम बधाईयां दी। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी, कनिका मोदी, विद्यालय समन्वयक सीए मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल व प्राचार्य विजय मसीह ने राज्य स्तरीय टी-20 सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## निजी स्लीपर बस ने मारी ऑटो को टक्कर, चालक की हुई मौत

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में गत देर रात्रि को एक निजी स्लीपर बस ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे ऑटो चालक ऑटो में ही फस गया, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत से बाहर निकाल कर राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहाँ पर इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार रात करीब 12 बजे गंगानगर से जयपुर जा रही स्लीपर बस संगम चौराहा के पास टी पॉइंट पर एक ऑटो को टक्कर मार दीए घटना के बाद बस चालक और खलासी दोनों मौके से बस को छोड़कर फरार हो गए। जिससे स्लीपर बस की सवारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, बस की सवारियां विभिन्न संसाधनों से अपने गंतव्य स्थान तक पहुंची।

# गुलाब जल में मिलाकर चेहरे पर लगाएं ये चीजें दूर होंगे दाग-धब्बे और आएगा निखार

गुलाब जल का उपयोग त्वचा की खूबसूरती को निखारने के लिए सदियों से किया जाता रहा है। कई कॉस्मेटिक्स कंपनियां भी गुलाब जल से बने प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इसमें सबसे प्रचलित है, गुलाब जल। गुलाब जल का इस्तेमाल अधिकतर लोग करते हैं। कोई गुलाब जल को क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करता है, तो कोई मेकअप रिमूवर या फिर टोनर के रूप में यूज करता है। इसके अलावा गुलाब जल से बने फेस पैक भी लगाए जाते हैं। दरअसल, गुलाब जल में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में अगर त्वचा पर गुलाब जल लगाया जाता है, तो इससे त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं में आराम मिलता है। गुलाब जल चेहरे के दाग-धब्बों, कील-मुहांसों को मिटाने में असरदार हो सकता है। इतना ही नहीं गुलाब जल से चेहरे की चमक भी बढ़ती है और रंगत में सुधार होता है।

## गुलाब जल में एलोवेरा मिलाकर लगाएं

आप अपने चेहरे पर गुलाब जल में एलोवेरा मिलाकर लगा सकते हैं। इसके लिए आप गुलाब जल लें। इसमें एलोवेरा जेल डालें, अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। एलोवेरा स्किन को मॉइश्चराइज करता है, साथ ही स्किन में चमक भी लाता है। आपको बता दें कि एलोवेरा में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो कील-मुहांसों, दाग-धब्बों को मिटाने में मदद कर सकता है। गुलाब जल में एलोवेरा लगाने से चेहरे की चमक भी बढ़ती है।

## गुलाब जल में कोकोनट मिल्क मिलाकर लगाएं

चेहरे की चमक और रंगत में सुधार करने के लिए आप गुलाब जल में कोकोनट मिल्क मिलाकर भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप 2 चम्मच गुलाब जल लें। इसमें 2 चम्मच कोकोनट मिल्क डालें और फिर इसे अपने चेहरे पर लगाएं। कोकोनट मिल्क में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जिससे चेहरे की स्किन मुलायम और चमकदार बनती है। साथ ही इसमें मौजूद विटामिन ई त्वचा को यूवी डैमेज से बचाने में मदद करता है। गुलाब जल और कोकोनट मिल्क त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। नारियल के दूध से बेदाग त्वचा मिलेगी।



## गुलाब जल में ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं

गुलाब जल में ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाने से कई लाभ मिल सकते हैं। 2 चम्मच गुलाब जल में 3-4 बूंद ग्लिसरीन की मिलाएं। अब इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें। 20 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। सप्ताह में 2-3 बार गुलाब जल और ग्लिसरीन को लगाने से चेहरे की चमक और रंगत बढ़ेगी। साथ ही दाग-धब्बे, कील-मुहांसों से भी छुटकारा मिलेगा। लेकिन कई लोगों को ग्लिसरीन से एलर्जी हो सकती है, ऐसे में पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

## गुलाब जल में चंदन पाउडर मिलाकर लगाएं

चेहरे के दाग-धब्बों, मुहांसों को मिटाने के लिए आप गुलाब जल में चंदन पाउडर मिक्स करके भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच चंदन पाउडर लें। इसमें 2 चम्मच गुलाब जल डालें, अब दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। चंदन पाउडर में कूलिंग इफेक्ट होते हैं, जो चेहरे की जलन और रेडनेस को कम करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही गुलाब जल और चंदन पाउडर फोड़े-फुंसियों, खुजली की समस्या से भी राहत दिला सकता है।

# अनार खाने से महिलाओं को मिलते हैं ये फायदे

अनार सेहत के लिए बहुत होते हैं। अनार एक सुपर हेल्दी फ्रूट है, जिसका सेवन करके बीमारियों से बचा जा सकता है। अनार पर हुई रिसर्च में ये बात सामने आ चुकी है इसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिन के,सी, और बी, आयरन, पोटेशियम, जिंक और ओमेगा-6 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व सेहत, स्किन और बालों के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। खासकर जब बात महिलाओं की आती है तो उनके स्वास्थ्य के लिए रामबाण औषधि मानी जाती है।



## प्रजनन क्षमता को बढ़ाता है अनार

अनार एक ऐसा फल है जो महिलाओं में होने वाले प्रजनन विकार को ठीक करने में मदद करता है। अनार पर हुए शोध में ये बात सामने आई है कि ये ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करके प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस अंडाणु को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे प्रजनन क्षमता कमजोर हो जाती है।

## यौन क्षमता को सुधारता है अनार

उम्र ढलने के बाद यौन क्षमता कम होना बहुत ही आम बात है। खासकर महिलाओं में 40 के बाद ये समस्या ज्यादा देखी जाती है। अनार का सेवन करके यौन क्षमता को सुधारने में मदद मिलती है। महिलाएं अगर अनार या अनार के जूस का सेवन करें तो इससे उनके शरीर में टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलती है। शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर सही होने से यौन क्षमता सुधारने में मदद मिलती है।

## स्किन को बनाता है ग्लोइंग

अनार के पोषक तत्व स्किन को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं। स्किन हाइड्रेट रहने से खुजली, दाग-धब्बे और ड्राइनेस से बचाव करने में मदद मिलती है। नियमित तौर पर अनार का सेवन करने से त्वचा में कोलेजन के स्तर को बनाए रखने में मदद मिलती है और चेहरे को लंबे समय तक हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

## पाचन क्रिया को सुधारने में करता है मदद

लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह से आजकल महिलाओं में पाचन संबंधी समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। पाचन क्रिया को सुधारने में भी अनार काफी फायदेमंद साबित होता है। नियमित तौर पर अनार का सेवन करने से कब्ज, पेट में दर्द से राहत पाई जा सकती है।

# ओट्स से चेहरा को इन तरीको से साफ करें, जिनसे मिलेगी दमकती त्वचा

ओट्स सेहत के साथ त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद है। अधिकतर लोग ओट्स को नाश्ते में खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ओट्स का इस्तेमाल आप त्वचा की चमक बढ़ाने के लिए भी कर सकते हैं? ओट्स में विटामिन, ओमेगा 3 फैटी एसिड, अमीनो एसिड और एंटीऑक्सिडेंट्स जैसे पोषक तत्व होते हैं। इसके अलावा, ओट्स में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं। ये त्वचा के कील-मुहांसों, दाग धब्बों और झुर्रियों को हटाने में असरदार है। ओट्स में सैपोनिन होता है, जो स्किन के लिए नेचुरल क्लेंजर की तरह काम करता है। आप नियमित रूप से चेहरा साफ करने के लिए इसका प्रयोग कर सकते हैं।

**ओट्स और दूध :** आप चेहरा साफ करने के लिए ओट्स और कच्चे यानी बिना उबाले दूध का प्रयोग कर सकते हैं। इसके लिए 2 चम्मच ओट्स का पाउडर लें। इसमें 1 चम्मच दूध और 1 चम्मच शहद मिलाएं। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में चेहरे की 1-2 मिनट मसाज करें। 5-7 मिनट बाद सादे पानी से चेहरा धो लें। इससे चेहरे पर जमा डेड स्किन हटेगी और त्वचा में इंस्टेंट ग्लो नजर आएगा।



**ओट्स और बेसन :** आप चेहरे को साफ करने के लिए बेसन और ओट्स के मिश्रण का प्रयोग कर सकते हैं। बेसन चेहरे से डेड स्किन सेल्स और गंदगी को हटाने का काम करता है। यह पिंपल और दाग-धब्बे साफ करने में भी बहुत फायदेमंद है। इसके लिए एक कटोरी में 2 चम्मच ओट्स का पाउडर और 2 चम्मच बेसन लें। इसमें 1 चम्मच शहद और कुछ बूंदें गुलाब जल की मिला लें। सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करके चेहरे पर लगाएं। 2-4 मिनट सर्कुलर मोशन में मसाज करें। 10 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा काफी सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आएगी।

## ओट्स और दही

आप चेहरे पर ओट्स और दही का फेस पैक बनाकर भी अप्लाई कर सकते हैं। इससे त्वचा की गंदगी और डेड स्किन साफ करने में काफी मदद मिलेगी। दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो दाग-धब्बों को दूर करता है। यह त्वचा के पिंपल, जलन और रेडनेस को भी कम करता है। इसके लिए आपको एक कटोरी में 2 चम्मच ओट्स पाउडर लेना है। इसमें 2 चम्मच दही मिलाएं। इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और इसे 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। उसके बाद ठंडे पानी से धो लें।

# नींबू से चेहरे की पिगमेंटेशन इन तरीको से करे दूर

हर कोई बेदाग और निखरी त्वचा पाना चाहता है। लेकिन प्रदूषण, गलत खानपान, खराब जीवनशैली और केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के कारण कई त्वचा संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसी ही एक समस्या है पिगमेंटेशन, जिससे कई लोग परेशान रहते हैं। वैसे तो उम्र बढ़ने के साथ ही अक्सर लोगों को चेहरे पर पिगमेंटेशन की समस्या हो जाती है। लेकिन आजकल कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या काफी देखी जा रही है। पिगमेंटेशन यानी झाइयां होने पर चेहरे पर काले धब्बे नजर आने लगते हैं। ये देखने में काफी भद्दे लगते हैं और आपकी खूबसूरती को कम कर सकते हैं। झाइयों से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह की महंगी क्रीम, लोशन और ऑयल का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनमें हानिकारक केमिकल्स होते हैं, जो आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में आप चाहें तो नींबू की मदद से भी पिगमेंटेशन से छुटकारा पा सकते हैं। जी हां, नींबू में विटामिन सी और साइट्रिक एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं, जो त्वचा की रंगत को हल्का करने में मदद करते हैं। चेहरे पर नींबू लगाने से दाग-धब्बों और पिगमेंटेशन को दूर करने में मदद मिलती है।



## नींबू और शहद

नींबू और शहद, दोनों ही त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। अगर आप पिगमेंटेशन की समस्या से परेशान हैं, तो इन दोनों को मिक्स करके चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप कटोरी में एक चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिला लें। इन दोनों को अच्छी तरह मिक्स कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं। करीब 10 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। सप्ताह में एक से दो बार इसका इस्तेमाल करने से झाइयों की समस्या जल्द दूर होगी। साथ ही, स्किन का ग्लो भी बढ़ेगा।

## नींबू और दही

पिगमेंटेशन दूर करने के लिए आप नींबू और दही का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कटोरी में 2 चम्मच दही लें। इसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद पानी से चेहरा धो लें। आप सप्ताह में 2 से 3 बार इसका प्रयोग कर सकते हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा के दाग-धब्बे और झाइयां दूर होंगी। साथ ही, त्वचा मुलायम भी बनेगी।

## नींबू और एलोवेरा

नींबू और एलोवेरा जेल का मिश्रण चेहरे की पिगमेंटेशन को दूर करने में काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा के दाग-धब्बों को दूर करने में मदद करते हैं। इसके लिए आप कटोरी में एक चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच एलोवेरा जेल लें। इन दोनों को अच्छी तरह मिक्स करने के बाद अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। 2-4 मिनट तक हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें। 10 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। आप सप्ताह में एक से दो बार इसे चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं।

# पेट फूलने और गैस से परेशान रहते हैं, तो रात में न खाएं ये सब्जियां

गलत खानपान और खराब जीवनशैली की वजह से पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। जब पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं करता है, तो पेट में गैस, कब्ज और ब्लोटिंग आदि समस्याएं होती हैं। आजकल काफी लोग ब्लोटिंग यानी पेट फूलने की समस्या से परेशान रहते हैं। ज्यादा तला-भुना खाना, एक्सरसाइज न करना, खाना खाने के तुरंत बाद सो जाना और हार्मोनल असंतुलन ब्लोटिंग के कुछ प्रमुख कारण हो सकते हैं। ब्लोटिंग होने पर पेट गुब्बारे की तरह फूल जाता है। साथ ही, पेट में दर्द और गैस की शिकायत भी हो सकती है। इसकी वजह से व्यक्ति काफी असहज महसूस करता है। अगर आप ब्लोटिंग से बचना चाहते हैं, तो आपको अपने खानपान में बदलाव करने की आवश्यकता है। कुछ सब्जियां ऐसी होती है, जिन्हें खाने से आपको पेट में गैस और ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। खासतौर पर रात में जब पाचन धीमा हो जाता है, तो इन्हें पचाना अधिक कठिन होता है।

## गोभी

गोभी एक क्रूसिफेरस सब्जी है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। हालांकि, इसमें रैफिनोज मौजूद होता है, जिसे पचाना काफी मुश्किल होता है। अगर आप डिनर में गोभी खाते हैं, तो इसे पचने में अधिक समय लगेगा। इससे पेट में गैस और ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। साथ ही, आपकी रात की नींद भी डिस्टर्ब हो सकती है।

## प्याज

हम सभी अपनी दाल और सब्जी में तड़का लगाने के लिए प्याज का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग सलाद में कच्चा प्याज खाना पसंद करते हैं। लेकिन इसमें फ्रुक्टेन होता है, जो गैस और पेट फूलने का कारण बन सकता है। प्याज में फाइबर भी अधिक मात्रा में होता है, जिससे ये समस्याएं बढ़ सकती हैं। अगर आपको ब्लोटिंग की समस्या है, तो रात के खाने में प्याज खाने से बचें।

## आलू

आलू अधिकतर लोगों की फेवरेट सब्जी होती है। लेकिन कुछ लोगों के लिए इसे पचाना मुश्किल हो सकता है। दरअसल, इसमें स्टार्च मौजूद होता है, जो गैस और ब्लोटिंग पैदा कर सकता है। अगर आप रात में आलू खाते हैं, तो इसे पचाने में अधिक समय लगता है।

## लहसुन

लहसुन कई पोषक तत्वों और औषधीय गुणों से भरपूर होता है। यही वजह है कि इसे एक सुपरफूड माना जाता है। हालांकि, इसे रात में खाने से परहेज करना चाहिए। दरअसल, इसमें फ्रुक्टेन होता है, जो ब्लोटिंग और गैस पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं, यह एसिड रिफ्लक्स का कारण भी बन सकता है।



## मटर

मटर में एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। लेकिन इसमें हाई फाइबर और फ्रुक्टोज भी होता है, जो पेट में गैस और ब्लोटिंग पैदा कर सकता है। इसके अलावा, इसमें शुगर अल्कोहल भी होता है, जो पाचन संबंधी समस्याओं का कारण बंद सकता है। इसलिए आपको रात में मटर खाने से बचना चाहिए।



# प्रेग्नेंसी में इन फलों को अपनी डाइट में करें शामिल, मां और बच्चा दोनों रहेंगे स्वस्थ

किसी भी महिला के लिए प्रेग्नेंट होना उसके जीवन के सुखद अनुभवों में से एक होता है। हालांकि गर्भावस्था के दौरान मां और बच्चे को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। हर महिला अपने लिए सुरक्षित और स्वस्थ गर्भावस्था की चाह रखती है। लेकिन इस दौरान सबसे बड़ी समस्या होती है वह प्रेग्नेंट महिलाओं की डाइट में कौन-से फ्रूटस शामिल करना चाहिए। साथ ही किन फलों के सेवन से उन्हें परहेज करना चाहिए।

**पपीता :** हालांकि पपीता पोषक तत्वों से भरपूर होता है। पपीता में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है। साथ ही यह सेहत के लिए भी हेल्दी फल होता है। लेकिन प्रेग्नेंसी के दौरान पपीते का सेवन करने से बचना चाहिए। पपीते में लैक्टेस मौजूद होता है। जिसके कारण गर्भाशय में संकुचन, रक्तस्राव और यहां तक कि मिसकैरेज भी हो सकता है। इसलिए गर्भावस्था में पके व कच्चे पपीते के सेवन से परहेज करना चाहिए।

**अनानास :** अनानास एक बेहद स्वादिष्ट और रसीला फल होता है। यह फल सेहत के लिए भी अच्छा होता है। लेकिन



गर्भावस्था में इस फल के सेवन से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि अनानास में ब्रेमलीन एंजाइम मौजूद होता है। जिसकी वजह से समय से पहले प्रसव हो सकता है। इसलिए गर्भावस्था के दौरान अनानास खाने से बचना चाहिए।

**अंगूर :** आमतौर पर प्रेग्नेंट महिलाओं को अपनी डाइट में अंगूर को भी नहीं शामिल करना चाहिए। अंगूर में रेस्वेराट्रोल नामक एक यौगिक पाया जाता है। यह महिलाओं की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके सेवन से मां और बच्चे दोनों की सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है।

**केला :** केले का सेवन गर्भावस्था के दौरान काफी फायदेमंद माना जाता है। केला कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होता है। यह महिलाओं को ऊर्जावान बनाए रखने में मदद करता है।

# इन समस्याओं वाले लोगों को नहीं करना चाहिए त्रिफला का सेवन, सेहत को हो सकता है नुकसान

आयुर्वेद में त्रिफला का इस्तेमाल कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। खासतौर पर पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में त्रिफला बहुत प्रभावी उपचार है। त्रिफला तीन आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों- आंवला, हरड़ और बहेड़ा को मिलाकर बनता है। इस मिश्रण में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसमें विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। यह शरीर में त्रिदोष (वात, पित्त और कफ) के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है। इसका सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसके नियमित सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होती है और कई बीमारियों से बचाव होता है।

**गर्भावस्था के दौरान न करें त्रिफला का सेवन :** प्रेगनेंट महिलाओं को त्रिफला का सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसकी तासीर गर्म होती है और गर्भावस्था के दौरान गर्म चीजों के ज्यादा सेवन से गर्भपात का खतरा रहता है। इसके अलावा, स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को भी



त्रिफला का सेवन करने से परहेज करना चाहिए। इससे आपके शिशु को दस्त की समस्या हो सकती है।

**दस्त होने पर न खाएं त्रिफला चूर्ण :** पेट से जुड़ी समस्याओं में त्रिफला चूर्ण का सेवन लाभकारी माना जाता है। लेकिन ध्यान रखें कि इसका ज्यादा सेवन करने से पेट खराब हो सकता है। दरअसल, गर्म तासीर होने की वजह से यह पेट की गर्मी को बढ़ा सकता है। त्रिफला का ज्यादा सेवन करने से पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, अगर आपको दस्त लगे हुए हैं, तो त्रिफला का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। इसका ज्यादा सेवन आपकी स्थिति को और अधिक बिगाड़ सकता है।

**वजन कम होने पर न खाएं त्रिफला चूर्ण :** त्रिफला का सेवन वजन घटाने के लिए फायदेमंद माना जाता है। लेकिन अगर आपका वजन पहले से ही कम है, तो आपको त्रिफला का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अधिक सेवन से लगातार वजन घटने की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से आपको कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अगर आपका बेवजह वजन कम हो रहा है, तो त्रिफला का सेवन करने से बचें।

**अनिद्रा की शिकायत में न करें त्रिफला का सेवन :** अगर आपको अनिद्रा की शिकायत है, तो त्रिफला का सेवन करने से बचें। इसका सेवन करने से आपको रात में नींद लेने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नींद पूरी न होने के कारण चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए नींद से जुड़ी समस्या होने पर त्रिफला का सेवन नहीं करना चाहिए।

**अगर एलर्जी है तो न करें त्रिफला का सेवन :** जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव है, उन्हें त्रिफला का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, अगर आपको किसी नई चीज से एलर्जी हो जाती है, तो आपको त्रिफला का सेवन कम करना चाहिए। अगर त्रिफला खाने के बाद आपको पेट में दर्द, उल्टी या पित्त जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसका मतलब यह हो सकता है कि आपको त्रिफला से एलर्जी है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# सांसद कस्वां ने शहर को फंड क्यों नहीं दिया : बाबूलाल कुलदीप

## सत्ता में होकर भाजपा के नेता कांग्रेस से क्यों बजट मांग रहे हैं : हितेष जाखड़

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भाजपा नेता व भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने चूरू जिला सांसद राहुल कस्वां द्वारा हाल ही में नगरपरिषद में अधिकारियों की मीटिंग लेने पर तंज कसते हुए कहा है कि जब सांसद राहुल कस्वां की सुजानगढ़ में विजिट हुई, तो यहां की जनता को लगा कि सांसद आए हैं तो नगरपरिषद में 5-6 करोड़ रूपए के फंड की घोषणा करके जायेंगे लेकिन उन्होंने तो जनता को निराश किया और एक धैला तक सुजानगढ़ शहर के लिए देने की जहमत नहीं उठाई। कुलदीप ने कहा कि जिस प्रकार से लम्बे-लम्बे भाषण कांग्रेस के सांसद और विधायक ने दिए उससे लगा कि बहुत बड़ी घोषणा करेंगे लेकिन उन्होंने जनता को निराश किया। कुलदीप ने कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस के नेतागण नगरपरिषद में भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर मीडियाबाजी कर रहे हैं, उससे तो अच्छा होता कि वो पिछले पांच साल के कार्यकाल की जांच करवा लेते तो पूरा कच्चा चिट्ठा सामने आ जाता। आयुक्त नहीं होने के सवाल पर कुलदीप ने कहा है कि इस बारे में राजेंद्र सिंह राठौड़ से बात हुई है,, जल्द यहां पर आयुक्त लगेगा।




दूसरी ओर कुलदीप के आरोपों पर जवाब देते हुए कांग्रेस नेता हितेष जाखड़ ने कहा कि प्रदेश और देश में भाजपा की डबल इंजन सरकार है लेकिन भाजपा के नेताओं की बेशर्मी देखिये ये कांग्रेस के सांसद और विधायक से बजट मांग रहे हैं।

जाखड़ ने कहा कि सुजानगढ़ में बड़े-बड़े भाजपा नेता जयपुर जाकर हर तीसरे दिन मंत्रियों के साथ फोटो खिंचवाते हैं लेकिन आयुक्त क्यों नहीं लगवाते। उन्होंने कहा कि जयपुर जाकर ये लोग एक दूसरे की चुगली मंत्रियों के पास करते हैं जिसके कारण मंत्रियों को यहां ही भाजपा लड़ाई अच्छी तरह से पता है, जिसके कारण यहां आयुक्त नहीं लग पाया और डेढ़ साल से जनता परेशान है। जाखड़ ने कहा कि सांसद की विजिट के साथ ही अब गलियों में जेटिंग मशीनें नजर आने लगी हैं और सिवरेज के कार्य को सही किया जाने लगा है।

# बोहरा तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष निर्वाचित, सुराणा मंत्री मनोनीत



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** बुधवार को तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष सुमित मोदी की अध्यक्षता में परिषद् की साधारण सभा आयोजित की गई। चुनाव अधिकारी रणजीत सिंह बैद, सह चुनाव अधिकारी प्रकाश कोठारी ने राजेश कुमार बोहरा को तेरापंथ युवक परिषद लाडनूं के आगामी कार्यकाल 2026-27 के लिए अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। बोहरा का स्वागत करते हुए निर्वाचन नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था के गरिमामय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होना मेरे लिए गौरव की बात है। आचार्य श्री महाश्रमण के कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए सतत रूप से प्रयत्नशील रहूंगा। इसके बाद मंत्री पद पर पीयूष सुराणा को मनोनीत किया। सभी ने बधाईयां दी। कार्यक्रम का सफल संचालन मंत्री राजेश बोहरा ने किया।

# गौसेवा कर मनाया झाझड़िया का जन्मदिन

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** चूरू से लोकसभा चुनाव लड़ चुके पद्मश्री देवेंद्र झाझड़िया का जन्मदिन भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल के सानिध्य में गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने झाझड़िया को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लम्बी उम्र की कामना की। कार्यक्रम में भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, सीताराम माली, कमल दाधीच, प्रेम स्वामी, एडवोकेट मनीष दाधीच, भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनाय माटोलिया, सौभाग कंवर, जिला प्रवक्ता विश्वदीपक काछवाल, रेंवतमल पंवार, दीनदयाल पारीक, नरेंद्र गुर्जर, राहुल प्रजापत, मुरली, बुद्धिप्रकाश सोनी, सुमन सामरिया, शर्मिला सोनी, प्रकाश सोनी, महावीर, पुरुषोत्तम शर्मा, नरेंद्र प्रजापत, अमरचंद सेन सहित अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निर्जला एकादशी पर जयपुर नगर निगम का अमृत सेवा अभियान सेवा और जनभागीदारी का बनेगा महा उत्सव

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान की भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने तथा सेवा एवं जनकल्याण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से जयपुर नगर निगम द्वारा आगामी 25 जून 2026 को निर्जला एकादशी के अवसर पर ष्अमृत सेवा अभियान का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याण, सेवा और नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सोच से प्रेरित यह अभियान शहरभर में सेवाए संवेदना और सामाजिक सहभागिता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेगा। अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, स्वयंसेवी संगठनों एवं नागरिकों के सहयोग से शहर के विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर स्थापित किए जाएंगे, जहां राहगीरों एवं जरूरतमंद लोगों को शीतल पेयजल, शरबत, जूस, छाछ एवं फलाहार वितरित किया जाएगा। नगर निगम का उद्देश्य निर्जला एकादशी को केवल आस्था के पर्व तक सीमित न रखते हुए उसे सेवाए जनभागीदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के उत्सव के रूप में स्थापित करना है। इसी कड़ी में अधिक से अधिक नागरिकों, संस्थाओं एवं संगठनों को अभियान से जोड़ने के लिए विशेष पंजीकरण व्यवस्था की गई है। इच्छुक नागरिक, सामाजिक संस्थाएं, व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं स्वयंसेवी संगठन पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा जारी कोड स्कैन कर भी आसानी से पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण एवं आवंटन के उपरांत नगर निगम द्वारा कैनोपी, कुर्सियां, टेबल, पंखे, फ्रंट ब्रांडिंग बैनर तथा सामान्य स्वच्छता संबंधी आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। जयपुर नगर निगम ने शहरवासियों, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से इस पुनीत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया है, ताकि निर्जला एकादशी के अवसर पर सेवाए सहयोग और मानवता का यह महाअभियान अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके तथा जरूरतमंदों को राहत प्रदान की जा सके। नगर निगम का यह प्रयास न केवल जनसेवा की भावना को सशक्त करेगा, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की संस्कृति को भी नई मजबूती प्रदान करेगा।

# चूरू में तापमान फिर 45 डिग्री के पार, लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिले में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। बुधवार को तापमान एक बार फिर 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया, जबकि दोपहर होते-होते लू के थपेड़ों ने हालात और अधिक कठिन बना दिए। भीषण गर्मी के चलते बाजारों, मुख्य सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर सामान्य दिनों की तुलना में लोगों की आवाजाही कम नजर आई। लोग केवल जरूरी कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकले। सबसे अधिक परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, सड़क किनारे काम करने वाले लोगों और अन्य श्रमिकों को उठानी पड़ी। गर्मी का असर रात के समय भी बना हुआ है। तापमान में पर्याप्त गिरावट नहीं होने से लोगों को रात में भी राहत नहीं मिल रही। कूलर और पंखे भी गर्म हवाएं फेंक रहे हैं, जिससे घरों के भीतर भी उमस और गर्मी का अहसास बना हुआ है। तेज गर्मी के कारण शीतल पेय, नींबू पानी, छाछ, जूस और ठंडे पानी की मांग बढ़ गई है। शहर के विभिन्न स्थानों पर लोग पेड़ों की छांव और ठंडे स्थानों का सहारा लेते नजर आए। वहीं पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल दिखाई दिए और जल स्त्रोतों के आसपास मंडराते रहे। चिकित्सक डॉ रिजवान खान ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा हल्के व सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार लगातार बढ़ते तापमान और लू के कारण हीट स्ट्रोक तथा डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। मौसम के इस रौद्र रूप से चूरू और सरदारशहर क्षेत्र के लोगों को फिलहाल राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में आमजन को सतर्कता बरतते हुए गर्मी और लू से बचाव के उपाय अपनाने की आवश्यकता है। लगातार बढ़ती गर्मी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जून माह में मौसम लोगों की कड़ी परीक्षा ले रहा है।



# एमजेडी महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए प्रथम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**तारानगर (नवयत्न)।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में बीएए बीकॉम व बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए प्रथम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। स्नातक प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. शंकरलाल ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश के लिए जारी की गई प्रथम मैरिट सूची में बीकॉम प्रथम वर्ष में सामान्य पुरुष 78.80, सामान्य महिला 90.80, ओबीसी पुरुष 50.60, ओबीसी महिला 66.20, एससी पुरुष 59.00, ईडब्ल्यूएस पुरुष 62.00, बीएससी ;बायोद्ध प्रथम वर्ष में सामान्य पुरुष 89.20, सामान्य महिला 93.00, ओबीसी पुरुष 85.40, ओबीसी महिला 87.00, एससी पुरुष 75.80, एससी महिला 74.20, ईडब्ल्यूएस पुरुष 69.40, ईडब्ल्यूएस महिला 79.20, बीएससी मैथ प्रथम वर्ष में सामान्य पुरुष 91.00, सामान्य महिला 93.60, ओबीसी पुरुष 85.20, ओबीसी महिला 88.20, एससी पुरुष 73.00, एससी महिला 77.00, ईडब्ल्यूएस पुरुष 82.00, ईडब्ल्यूएस महिला 86.40 प्रतिशत अंक है। इसी प्रकार प्रथम प्रतीक्षा सूची में बीकॉम प्रथम वर्ष में सामान्य पुरूष 45.40, बीएससी बायो प्रथम वर्ष में सामान्य पुरुष 63.20, सामान्य महिला 77.40, ओबीसी पुरुष 58.60, ओबीसी महिला 58.60, एससी पुरुष 59.00, बीएससी मैथ प्रथम वर्ष में सामान्य पुरुष में सभी ऑल, सामान्य महिला में सभी ऑल अंक जारी की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मूलचन्द ने वरीयता सूची में स्थान रखने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि शुल्क जमा करवाने वाले विद्यार्थियों की प्रथम प्रवेश सूची का प्रकाशन 15 जून को होगा। जिन विद्यार्थियों का नाम सूची में है उनको आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा मोबाईल पर एक मैसेज भेजा गया है। इस मैसेज की सहायता से विद्यार्थी स्वयं की एसएसओ आईडी या ईमित्र से बधाई पत्र डाउनलोड कर सकते है। महाविद्यालय में मूल दस्तावेज 12वीं अंकतालिंका, 10वीं अंकतालिका, स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाती प्रमाण पत्र, बोनस अंक के प्रमाण पत्र, बधाई पत्र व आवेदन फॉर्म एवं ईमित्र पर शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 13 जून है।


## आम सूचना

Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामनिवास पुत्र गुलजारीलाल खटीक निवासी भवानी नगर, तहसील फतेहपुर जिला सीकर अपनी एक आवासीय जायदाद वाके भवानी नगर, खसरा नंबर 1884, तहसील फतेहपुर जिला सीकर तादादी 1200 वर्ग फीट प्लॉट नंबर 64 जो कि जरिये गिफ्ट डीड दिनांकित 02.02.2026 को कमलेश पत्नी रामनिवास खटीक ने प्रार्थी को गिफ्ट की है। उक्त सम्पति जरिये विक्रय पत्र दिनांकित 17.11.2025 को कमलेश पत्नी रामनिवास खटीक ने गौरीशंकर पुत्र गंगूराम खटीक से क्रय की थी। उक्त मूल विक्रय पत्र दिनांकित 17.11.2025 प्रार्थी से कही गुम हो गई है उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति विशेष के पास हो तो Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर में जमा करवा देवे। उक्त जायदाद को प्रार्थी Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्द्राई पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक : 2026-27/29 दिनांक : 05-06-26

**ई-निविदा सूचना संख्या- 11/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूँ की अधीनस्थ ग्राम पंचायत चन्द्राई में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0350

UBN- ZNR2627GLOB00504

**प्रशासक** ग्राम पंचायत चन्द्राई पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत चन्द्राई पंचायत समिति लाडनूँ

## आम सूचना

मैं डॉ मो. शाहिद, बोर्ड ऑफ इंडियन मेडिसिन राजस्थान, जयपुर में पंजीकृत यूनानी चिकित्सक हूं। मेरी पंजीयन संख्या 2348 है। मेरा मूल पंजीयन प्रमाण पत्र कहीं गुम/खो गया है, जिसकी काफी तलाश करने के बावजूद प्राप्त नहीं हुआ। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त हो तो कृपया लौटाने का कष्ट करें। अन्यथा बोर्ड ऑफ इंडियन मेडिसिन राजस्थान, जयपुर से डुप्लीकेट पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही की जाए। मूल प्रमाण पत्र मिलने पर उसे निरस्त माना जाए।

**डॉ मो. शाहिद**
**पंजीयन संख्या : 2348**
**बोर्ड ऑफइंडियन मेडिसिन राजस्थान, जयपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत इस्लामपुर पंचायत समिति झुंझुनू

क्रमांक :- SPL-1 दिनांक 30.04.26

प्रमाणित किया जाता है कि गाम पंचायत इस्लामपुर में विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य SPPP Portal पर दर्ज करवाया गया है जिसके NIB व UBN कोड निम्नानुसार है।

NIB CODE- PGH2627A0006

UBN CODE- PGH2627WSOB00006

अधिक जानकारी SPPP Rajasthan.gov.IN पर देखी जा सकती है।

**प्रशासक** ग्राम पंचायत इस्लामपुर पंचायत समिति झुंझुनू

**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत इस्लामपुर पंचायत समिति झुंझुनू


# नारी शक्ति का प्रदर्शन : तलवारबाजी और लाठी संचालन में दिखा हुनर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शौर्य संस्कार सेवा संगठन द्वारा आयोजित एक माह के निःशुल्क शौर्य एवं संस्कार प्रशिक्षण शिविर में बुधवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनीषा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और सांस्कृतिक जुड़ाव की सराहना की। शिविर में बालिकाओं ने तलवारबाजी, लाठी संचालन, आत्मरक्षा कौशल तथा साफा बांधने की कला का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। डॉ मनीषा सिंह ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर बेटियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और संस्कारित नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव भी तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में जहां नई पीढ़ी तेजी से बदलते परिवेश का सामना कर रही है वहीं शस्त्र, शास्त्र और साफा के माध्यम से बेटियों का अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जुड़ना अत्यंत प्रेरणादायक है। आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आज समय की आवश्यकता बन चुका है और यह सुखद है कि बेटियां अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और राजस्थान की गौरवशाली विरासत को भी आत्मसात कर रही हैं। डॉ मनीषा सिंह ने कहा कि राजस्थान की पहचान केवल उसकी ऐतिहासिक धरोहरों से नहीं बल्कि उसके शौर्य, संस्कार और स्वाभिमान से भी है। जब बेटियां साफा बांधने जैसी परंपराओं को सीखती हैं और आत्मरक्षा के गुर हासिल करती हैं तब वे समाज को यह संदेश देती हैं कि नारी शक्ति हर क्षेत्र में सक्षम और समर्थ है। शौर्य संस्कार सेवा संगठन की संस्थापिका विजयलक्ष्मी शेखावत ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाना है। एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 80 बालिकाएं भाग ले रही हैं। उन्हें तलवारबाजी, लाठी संचालन, दंड शास्त्र, आत्मरक्षा तकनीक, योग, संस्कृत श्लोक, नैतिक शिक्षा एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में गुरु खुशी नरूका और दिव्यांशी शेखावत बालिकाओं को तलवारबाजी एवं लाठी संचालन का प्रशिक्षण दे रही हैं। वहीं कृष्णवी शक्तावत, याचिका तंवर, साक्षी शेखावत, पुष्पा शेखावत, राज कंवर और बिंदिया राठौड़ प्रशिक्षण व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इसके अलावा ज्योतिर्विद पंडित फणींद्र शास्त्री संस्कृत श्लोकों के माध्यम से बालिकाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ रहे हैं जबकि योगालय के संस्थापक आशुतोष सक्सेना नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। शिविर में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने बालिकाओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

# प्रधानमंत्री मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाईयो ने की पूजा अर्चना

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुनहरे, सफलतम और विकासशील 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भाजपा शहर मण्डल कार्यकर्ताओं द्वारा पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया। बुधवार को स्थानीय छिपीयो की ढाणी वार्ड नंबर 53 स्थित जयवीर हनुमान मंदिर में मण्डल महामंत्री ताराचंद सैनी की अगुवाई एवं जिला महामंत्री दलीप सैनी के आतिथ्य में पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर जिला आईटी संयोजक सौरव सोनी, शहर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, पूर्व शहर महामंत्री पंकज टेलर, ज्योति प्रकाश शर्मा, दयाराम सैनी, सुरेंद्र सैनी, महेंद्र सैनी, द्वारका प्रसाद सैनी, कजोड़ सैनी, साधुराम सैनी, दिनेश वर्मा, कृष्ण जांगिड़, रूप वर्मा, मुकेश सैनी, पुजारी महेश सैनी, सुनील सैनी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना की ।



# महाविद्यालय में 13 जून तक आवश्यक दस्तावेज के साथ फार्म जमा करवाए

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में राजकीय जालान महाविद्यालय में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थी 13 जून 2026 तक जमा करा सकेंगे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना प्रवेश फॉर्म। स्नातक स्तर पर प्रथम सेमेस्टर हेतु चल रही प्रवेश प्रक्रिया में प्रवेशार्थियों की वरीयता सूची प्रकाशित कर दी गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के सी जोशी ने बताया कि प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की मेरिट सूची प्रकाशित हो गई है।

प्रथम मेरिट सूची एवं प्रतिक्षा सूची में जिन विद्यार्थियों का नाम है वो 13 जून 2026 तक महाविद्यालय में अपना प्रवेश फार्म, मय बधाई पत्र, वेरीफिकेशन परफॉर्मा, एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवा करावें व ई मित्र के माध्यम से अपनी फीस जमा करा सकेंगे। डॉ जोशी ने बताया कि बीए ए बीकॉम, बी एससी गणित, एवं बी एससी बायोलॉजी की मेरिट सूची एवं प्रतीक्षा सूची, महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दी गई है। प्रवेशार्थी अपने डाक्यूमेंट्स का वेरिफिकेशन करवाकर 13 जून 2026 तक आवश्यक रूप से महाविद्यालय में जमा करा दें।

# पूर्व विधायक महर्षि ने की जनसुनवाई



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने पेयजल, विद्युत, सड़क, सफाई, राजस्व तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया। महर्षि ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की तथा समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।


## कार्यालय प्राचार्य, राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर तोदी नगर, सांवली रोड, सीकर-332001

Email-comcollegesikar@gmail.com Ph.-01572-274330

क्रमांक : 99 दिनांक : 01-06-2026

**ई निविदा आमंत्रण सूचना 01/2026-27**

राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में आईसीटी लैब एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, दांतारामगढ़ में स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 15.06.2026 को शाम 5:00 बजे तक ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। कार्य की अनुमानित लागत राशि रू. 39.20 लाख है।

UBN: ECD2627GLOB00109 UBN: ECD2627GLOB00110

NIB: ECD2627A0100 NIB: ECD2627A0101

प्राचार्य
राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर
एवं नोडल प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, दांतारामगढ़

DIPR/C/9886/2026

# नारी चौपाल में दी सरकारी योजनाओं की जानकारी




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगर परिषद सभागार में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा नारी चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर खेमाराम मेघवाल ने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक मंच पर उपस्थिति से आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त होगी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा, जिससे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर एवं गाँव-गाँव तक पहुँच सकेगा। इसके बाद महिला अधिकारिता विभाग सुपरवाइजर ने वन स्टॉप सेंटर, महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र आदि के बारे में बताया। सीडीपीओ सरोज स्वामी द्वारा बाल विवाह रोकथाम, एनीमिया, साइबर सुरक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। राजीविका से पवन कुमार द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। चिकित्सा विभाग से संजय कुमार द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना एवं जननी सुरक्षा योजना के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान राजीविका से बरखा कंवर लखपति दीदी, कमला बैंक सखी, उर्मिला लखपति दीदी, परमेश्वरी देवी कृषि सखी एवं सीमा शर्मा पशु सखी द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए तथा महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया। संचालन डॉ शर्मिला सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, काउंसलर आरती एवं सोनाली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्मिक एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# ज्ञापन : बिजली लाइन लगाने को लेकर ग्रामीणों का विरोध




निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के लालगढ़ गांव में थ्री फेज बिजली लाइन कार्य को लेकर ग्रामीणों में विरोध पनप रहा है। बोरिंग के लिए खातेदारी भूमि से जबरन भूमि लेने के विरोध में ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि थ्री फेस लाइन के कार्य के लिए पहले सरकारी भूमि में से बोरिंग व पोल लगाने का कार्य प्रस्तावित किया गया था लेकिन एक व्यक्ति द्वारा विरोध किए जाने के बाद अब बिजली विभाग द्वारा प्रशासन एवं शासन के सहयोग से खातेदारी भूमि में बिजली लाइन लगाने के लिए जबरन भूमि लेने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामवासियों द्वारा इस कार्य का लगातार विरोध किया जा रहा है क्योंकि यह निजी खातेदारी भूमि का अधिग्रहण संबंधित भूमि स्वामी एवं ग्रामीणों की सहमती के बिना किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने उक्त मामले की निष्पक्ष जांच करवा कर खातेदारी भूमि से जबरन भूमि लेने की कार्रवाई को तत्काल रोके जाने व आवश्यक हो तो वैकल्पिक रूप से सरकारी भूमि का उपयोग करने का निवेदन किया। ग्रामीणों ने बताया कि यदि बिजली विभाग द्वारा ग्रामीणों की आपत्तियों एवं मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो ग्रामवासी लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जारी रखेगें। इस संबंध में एसडीएम सुनील कुमार चौहान ने मामले की जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पवन सैनी, सुनील कुमार, कृष्ण, प्रेम प्रकाश, पंकज सैनी, रतन, प्रदीप, हीरालाल आदि मौजूद रहे।

# धरना रहा 39 वें दिन भी जारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर चल रहा धरना अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में बुधवार को 39 वें दिन भी जारी रहा। गांधी चौक स्थित पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर चल रहे धरने पर अल्पसख्यंक प्रकोष्ठ कांग्रेस के अध्यक्ष फारूक भूट्टा, तरूण सियोता, बिलाल भूरान, जावेद खिची, दिलीप धवल, मुकेश जावा, लूणाराम, लियाकत अली, विनोद सरपटा, सलीम खान, ईकबाल खान, विजयपाल, दीपक, बजरंगलाल सेन, बनवारीलाल भार्गव सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

# पीएम मोदी के 4399 दिन पूर्ण होने पर भाजपा नेताओं ने की विशेष पूजा-अर्चना

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 4399 दिन पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूजन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है तथा उनके नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। राठौड़ ने कहा कि रेलवे के सुदृढ़ीकरण, गरीबों के लिए आवास, रोजगार सृजन, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तारए किसानों की समृद्धि, सेना के आधुनिकीकरण तथा विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इन जनकल्याणकारी उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाएं।

झारखंड महादेव मंदिर में आयोजित पूजा-अर्चना कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मंत्री डॉ. अपूर्वा सिंह तथा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, राज्यसभा प्रत्याशी डॉ. अलका गुर्जर, भाजपा कार्यालय सचिव मुकेश पारीक, विधायक कालीचरण सराफ सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने जयपुर स्थित गोविंद देवजी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदीए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल, विधायक बालमुकुंदाचार्य तथा जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित अनेक नेताओं ने पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं सफल नेतृत्व की कामना की। भाजपा पदाधिकारियों ने जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर, गोविंददेव जी मंदिर, झारखंड महादेव मंदिर, बडी चौपड़ स्थित श्रीरामचन्द्र जी का मंदिरए श्री ब्रजनिधि जी का मंदिर तथा नहर के गणेश जी मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान राज्य धरोवर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावतए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीचए नाहर सिंह जोधाए सुरेंद्र पाल टीटीए सरिता गैनाए महामंत्री डॉ मिथिलेश गौतमए कैलाश मेघवालए प्रदेश मंत्री नारायण मीणाए अजीत मांडणए आईदान सिंह भाटीए सीताराम पोसवालए नारायण पुरोहितए भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठए प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी भवानी शंकर शर्माए सोशल मीडिया प्रभारी हीरेंद्र कौशिकए आईटी प्रभारी अविनाश जोशी सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की।

# पीएम मोदी के 12 साल बेमीसाल के उपलक्ष में नारी चौपाल व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल एवं गौरवशाली नेतृत्व के 12 साल विश्वास के, विकास के जनकल्याण एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने व मोदी की दीर्घायू को लेकर पूर्व सांसद व महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत के मार्ग दर्शन में भाजपा नगर मंडल द्वारा श्री श्याम दरबार मंदिर में पूजा अर्चना व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी स्वाति झा के नेतृत्व व पूर्व चेयरमैन पार्वती देवी की अध्यक्षता में राजीविका, महिला अधिकारिता विभाग एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नारी चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपखंड अधिकारी स्वाति झा ने उपस्थित महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं सहित महिला सुरक्षा अधिकारों की जानकारी दी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार, महामंत्री संतोष कुमावत, विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सैनी, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक दीपक कुमार, सीडीपीओ सीमा, महिला एवं अधिकारिता विभाग पर्यवेक्षक सरिता, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, सुरेंद्र चेतीवाल, विनोद शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, राजपाल काजला, कविता सैनी, अशोक शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, रूक्मानंद सैनी, सत्यवीर धींवा, लाखु मंडल अध्यक्ष प्रमोद डैला, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र भाटिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश जांगिड़ सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 29 जुलाई से आयोजित होने वाले चातुर्मास की तैयारी हेतु बैठक आयोजित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** यहां लाहोटी चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप आसू महाराज पालीवाल के घर के सामने रामेश्वरलाल रामजी झंवर के खुले पट्टों में होने वाले टीनशेड निर्मित स्थल पर 29 जुलाई 2026 से 21 अक्टूबर करीब 3 माह तक आयोजित होने वाले ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज दंडी स्वामी का चातुर्मास व यज्ञ की तैयारियों को लेकर लाहोटी चौक स्थित हनुमान मंदिर में मंदिर पुजारी एंव व्यवस्थापक जगदीश महाराज पालीवाल के सानिध्य में आयोजित बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श के बाद चातुर्मास स्थल सर्व सम्मति से तय किया गया। प्रहलाद मोहता ने बताया कि 24 जून को भूमि पूजन होगा। तत्पश्चात आयोजनार्थ कार्यों की सुचारू व्यवस्थाओं को लेकर कमेटियों का गठन किया जाकर कार्य कर्ताओं की जिम्मेदारियाँ तय की गई।

मिडिया प्रभारी इन्द्रचन्द मोदी ने प्रेसनोट जारी करके बताया कि बैठक के दौरान कन्हैयालाल करवा, शिवनारायण झंवर, आसकरण भट्टड़, पुरूषोतम तापड़िया, भंवर बाहेती, शिवकरण बिश्नोई, गिरधारी पारीक, एडवोकेट किशन गोपाल चितलंगी, सुरेन्द्र भट्टड़, डॉ. हरीराम पेड़ीवाल, महावीर खत्री, दामोदर तिवाड़ी, रामेश्वरलाल तिवाड़ी, गोपीकिशन तिवाड़ी, जुगल तिवाड़ी, बाबूलाल चांडक, राजेन्द्रसिंह राठौड़, नेमचन्द भट्टड़, रामेश्वरलाल छीपा, रतनलाल मोदी, राधेश्याम चांडक, श्रीगोपाल मोहता, गोपाल तापड़िया, अनिल चांडक, नारायण राठी, उमेश राठी, हनुमानसिंह राजपुरोहित, मदन साध सहित बड़ी तादाद में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर कल

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 60वां शिविर 12 जून शुक्रवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन, एवम् रहने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। रोगी अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं।

# राजलदेसर मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में लंबे समय से लंबित मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक बुधवार को चिकित्सा परिसर में आयोजित की गई। बैठक में उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष शर्मा, चिकित्सा प्रभारी डॉ कपिल धाबाई, सीनियर लैब टेक्नीशियन कैलाश राजपुरोहित, नर्सिंग स्टाफ विवेक सैनी, चैन रूप भाटिया, राजेंद्र धायल एवं चिकित्सालय के अकाउंटेंट सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। कुछ दिन पूर्व समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर में मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के खाते में 40 लाख रुपये से अधिक राशि होने के बावजूद 20 रुपये का बल्ब एवं दवाई लाने के लिए 7 हजार रुपये तक उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया था। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने लिखित आदेश जारी करते हुए कहा कि अस्पताल की आवश्यकताओं के अनुसार धनराशि खर्च की जाए तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाए। साथ ही चूरू से आवश्यक दवाइयां मंगवाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा बारिश से पूर्व चिकित्सा परिसर की टूटी हुई दीवार के निर्माण को लेकर विधायक एवं नगर पालिका से वार्ता कर कार्य करवाने पर चर्चा की गई। वहीं राजलदेसर युवा विकास समिति की ओर से चिकित्सा परिसर में भामाशाहों के सहयोग से ठंडा, गर्म एवं सादा पानी उपलब्ध करवाने के लिए प्याऊ लगाने का प्रस्ताव समिति के उपमंत्री शिव भगवान सोनी द्वारा रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने वर्तमान गर्मी के मौसम को देखते हुए चिकित्सालय में कूलर, एयर कंडीशनर एवं साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कुछ दिन पूर्व रामूराम भाट की चिकित्सकीय लापरवाही के कारण हुई मृत्यु के मामले में उनकी धर्मपत्नी को मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के माध्यम से संविदा पर नियुक्ति देने के लिए अस्थाई नियुक्ति पत्र उपखंड अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा परिजनों को सौंपा गया।

इस अवसर पर कामरेड भादर भामू, श्रवण बारूपाल, कालूराम तंवर, युवा नेता सांवरमल ढाका सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नीट पेपर लीक के विरोध में एसएफआई ने रैली निकाली



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी में एसएफआई के कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक के विरोध में विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। इस दौरान उन्होंने दोबारा होने वाली नीट परीक्षा नई एजेंसी से करवाने की मांग की है। विरोध कर रहे युवाओं ने बताया कि पिछले एक महीने में नीट, सीयूईटी और एसएससी जैसी बड़ी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के मामले नजर आए हैं। नीट में 22 लाख विद्यार्थियों के साथ धोखा हुआ एसएससी में कई केंद्रों कंप्यूटर हैक कर नकल करने के आरोप लगे, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। एसएफआई पर्यवेक्षक मुकेश मोहनपुरिया ने कहा कि शिक्षा मंत्री युवाओं के भविष्य के खिलवाड़ कर रहे हैं इसलिए नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ देना चाहिए। एडवोकेट निरंजन लाल सैनी ने कहा कि पिछले एक महीने में देश की बड़ी परीक्षा एजेंसी एनडीए द्वारा करेगी परीक्षा में किसी ने किसी रूप में भ्रष्टाचार और पारदर्शिता देखी गई जिससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ उन्होंने बताया कि एसएफआई के देशभक्ति आहान पर हर जिला तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। एसएफआई जिला महासचिव विक्रम यादव ने कहा पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के कारण कई विद्यार्थियों ने अवसाद में आकर जानकारी है। इस विरोध प्रदर्शन में एडवोकेट निरंजन लाल सैनी, एसएफआई जिलाध्यक्ष विष्णु कुमार, पर्यवेक्षक मुकेश मोहनपुरिया, सचिव विक्रम यादव, गोपाल सैनी, रिहान कुरेशी, सीमा सैनी, पायल नायक, दिनेश कुमार, किरण सैनी, जितेंद्र यादव, विजेंद्र ओला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिंदुस्तान जिंक द्वारा जिंक पार्क के तहत सल्फोजाइम एग्रो के साथ एमओयू से सस्टेनेबल मेटल रिकवरी मिलेगा को बढ़ावा

निसं



**उदयपुर ( नवयत्न )।** विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक और वैश्विक स्तर पर शीर्ष दस चांदी उत्पादकों में से एक हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के खानखला में स्थापित अपनी प्रमुख जिंक इंडस्ट्रियल पार्क पहल के तहत सल्फोजाइम एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी सस्टेनेबल मेटल रिकवरी, संसाधन दक्षता और नवाचार-आधारित औद्योगिक विकास के माध्यम से भारत के डाउनस्ट्रीम जिंक क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक और रणनीतिक कदम है।

इस सहयोग के तहत सल्फोजाइम एग्रो जिंक इंडस्ट्रियल पार्क में अपने प्रस्तावित परिचालन स्थापित करेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य जिंक-आधारित सामग्रियों को औद्योगिक और डाउनस्ट्रीम अनुप्रयोगों के लिए मूल्य-वर्धित उत्पादों में संसाधित करना होगा। हिंदुस्तान जिंक इस उद्यम को कच्चे माल की सुनिश्चित आपूर्ति और दीर्घकालिक इकोसिस्टम सहायता के माध्यम से सहयोग देगा, जिससे पार्क के औद्योगिक नेटवर्क में कुशल परिचालन, एकीकृत आपूर्ति श्रृंखलाएं और बड़े पैमाने पर विनिर्माण संभव हो सकेगा। यह साझेदारी राजस्थान राज्य में डाउनस्ट्रीम उद्योगों, स्थानीय उद्यमिता और औद्योगिक विकास के लिए अवसर पैदा करके डैडम् इकोसिस्टम को मजबूत करने के हिंदुस्तान जिंक के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप भी है। जिंक पार्क की घोषणा सबसे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दिसंबर 2024 में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के साथ मिलकर की थी, अब चरणबद्ध निवेशक साझेदारियों और रणनीतिक सहयोगों के माध्यम से लगातार आगे बढ़ रहा है। यह पहल राजस्थान को जिंक-आधारित उद्योगों और मूल्य-वर्धित उत्पादों के लिए एक अग्रणी विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के हिंदुस्तान जिंक के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दर्शाती है। रीको के सहयोग से विकसित, जिंक इंडस्ट्रियल पार्क एक समर्पित डाउनस्ट्रीम विनिर्माण केंद्र है, जिसे कच्चे माल की उपलब्धता को मूल्य-वर्धित जिंक उत्पादन के साथ एकीकृत करने के लिए डिजाइन किया गया है। उपयोग के लिए तैयार बुनियादी ढांचा, कच्चे माल की आपूर्ति के निकटता और उद्योग-केंद्रित परिचालन वातावरण प्रदान करके, इस पार्क का उद्देश्य उन जिंक ग्राहकों, प्रोसेसरों, एमएसएमई और डाउनस्ट्रीम निर्माताओं को आकर्षित करना है, जो जिंक और संबंधित उत्पादों के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर और कुशल विनिर्माण के अवसर तलाश रहे हैं। इस मौके पर बोलते हुए हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा किए हिंदुस्तान जिंक में हम एक ऐसा भविष्य के लिए तैयार औद्योगिक मंच बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और संसाधनों के कुशल उपयोग पर आधारित हो। सल्फोजाइम एग्रो के साथ हमारी साझेदारी, सर्कुलर इकॉनमी को मजबूत करने और साथ ही डाउनस्ट्रीम वैल्यू क्रिएशन को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ज़िंक इंडस्ट्रियल पार्क की परिकल्पना एक ऐसे सहयोगी मंच के रूप में की गई है जहाँ कंपनियाँ हिंदुस्तान जिंक की मेटल विशेषज्ञता, भरोसेमंद सप्लाई चेन और निर्माण क्षमताओं का लाभ उठा सकें। ऐसी साझेदारियों के माध्यम से हमारा लक्ष्य औद्योगिक विकास को गति देना, डैडम् के विकास में सहायता करना और राजस्थान को जिंक-आधारित उद्योगों तथा उन्नत विनिर्माण के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इंडस्ट्रियल पार्क डाउनस्ट्रीम उद्योगों को सक्षम बनाकर, उद्यमिता को बढ़ावा देकर और विशेष रोजगार के अवसर पैदा करके, राजस्थान में औद्योगिक विकास के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में तेजी से उभर रहा है। सस्टेनेबिलिटी, सर्कुलर इकॉनमी के सिद्धांतों और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने पर आधारित यह पहल, भारत की महत्वपूर्ण खनिजों और धातुओं की वैल्यू चेन को मजबूत करते हुए, दीर्घकालिक क्षेत्रीय आर्थिक विकास में सहायता करने के लिए डिजाइन की गई है। सल्फोजाइम एग्रो के साथ एमओयू जिम्मेदार विनिर्माण और डाउनस्ट्रीम औद्योगिक विस्तार पर हिंदुस्तान जिंक के फोकस को और अधिक मजबूत करता है। जैसे-जैसे कंपनी इनोवेशन, संसाधनों के कुशल उपयोग और स्वच्छ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारियाँ बनाना जारी रखेगी, हिंदुस्तान जिंक सस्टेनेबल मेटल उत्पादन को आगे बढ़ाने और भारत की विनिर्माण विकास में सहयोग देने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगा।